हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

**तापमान**
अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री



बिलासा ताल की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का किया गया निर्माण।

## भरत बने निगम में नेता प्रतिपक्ष बघेल उप नेता




**बिलासपुर।** आखिरकार करीब 50 दिनों बाद कांग्रेस ने बिलासपुर नगर निगम के लिए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की घोषणा कर दी है। इसमें वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद भरत कश्यप को नेता प्रतिपक्ष तो वार्ड क्रमांक 25 की पार्षद श्रीमती संतोषी रामा बघेल को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। गौरतलब है कि नगर निगम के चुनाव में इस बार 70 वार्डों में केवल 18 पार्षद कांग्रेस पार्टी के जीतकर आए हैं। वहीं 49 भाजपा के और 3 निर्दलीय हैं। चुनाव के बाद भाजपा ने जहां सभापति और एमआईसी का गठन कर दिया, तो वहीं चुनाव परिणाम आने के 50 दिन बाद भी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का नाम तय नहीं कर पाई थी। 15 अप्रैल को हुए सामान्य सभा में भी कांग्रेस बिना नेता प्रतिपक्ष के पहुंची थी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस पार्षदों के बीच वरिष्ठता और अनुभव को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। हालांकि पहले से ही माना जा रहा था कि शहजादी कुरैशी या भरत कश्यप में से किसी एक का नाम नेता प्रतिपक्ष के लिए फाइनल किया जाएगा। यह भी खास बात है कि नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष दोनों ही पूर्व शहर विधायक शैलेष पांडे के खेमे के माने जाते हैं।

# 17 सालों से नासूर बनी सीवरेज परियोजना ने 12 सालों तक चुंगी क्षतिपूर्ति पर भी डाका डाला

**194 करोड़ का चुकाना पड़ा कर्जा**

- चुंगी क्षतिपूर्ति के तौर पर एक करोड़ 73 लाख रुपए की राशि हर महीने मिलती है इसमें से 96 लाख की कटौती
- चिल्हाटी और दो मुहानी में बनाए गए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के मेंटेनेंस पर भी सालाना सवा करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 17 सालों से शहर के लिए नासूर बनी सीवरेज परियोजना पिछले 12 सालों से शहर को मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति पर भी डाका डाल रही है। दरअसल निगम ने इस योजना के लिए राज्य शासन से 194 करोड़ का ऋण लिया था। इसके लिए हर महीने 2 करोड़ रुपए का ब्याज चुकाना पड़ा। इसकी कटौती राज्य शासन बिलासपुर निगम को मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति से कर रहा है। हाल यह है कि बिलासपुर निगम को हर महीने मिलने वाले पौने दो करोड़ रुपए की जगह सिर्फ 96 लाख ही मिल रहा है। इसके साथ ही गंदे पानी की सफाई के लिए 64 करोड़ रुपए में चिल्हाटी और दो मुहानी में बनाए गए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। दोनों प्लांटों के मेंटेनेंस पर भी पिछले 10 सालों से सालाना सवा करोड़ रुपए निगम को खर्च करना पड़ रहा है। इसके बाद भी मुश्किल से 20 एमएलडी दूषित जल का उपचार हो पा रहा है, जबकि चिल्हाटी में 17 और दो मुहानी में 54 एमएलडी पानी को साफ करना है।

पिछले 17 सालों से शहर में जारी सीवरेज प्रोजेक्ट कब पूरा होगा कोई नहीं बता पा रहा। लापरवाही पर निगम ने सिम्प्लेक्स कंपनी की 30 करोड़ रुपए की गारंटी मनी राजसात कर ली है और कहा जा रहा है कि नए ठेकेदार से दिसंबर 2025 तक काम पूरा हो जाएगा। इससे पहले भी निगम ने सिम्प्लेक्स कंपनी पर लेटलतीफी के लिए 10 करोड़ 68 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई थी। ध्यान रहे कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम अक्टूबर 2008 में शुरू हुआ। तब से पाइप लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन, मेनहोल, प्रापर्टी चेंबर के निर्माण आदि के कार्यों के नाम पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर सड़कों की खुदाई होती रही, लेकिन काम पूरा नहीं हो सका। 322 करोड़ की लागत वाला प्रोजेक्ट 450 करोड़ के करीब पहुंच गया है।



### ट्रीटमेंट प्लांटों का 10 सालों से सिर्फ मेंटेनेंस

गंदे पानी की सफाई के लिए 64 करोड़ रुपए में बनाए गए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। प्लांटों के मेंटेनेंस पर भी पिछले 10 सालों से सालाना सवा करोड़ रुपए निगम को खर्च करना पड़ रहा है। अधिकारी भी मान रहे हैं कि क्षमता के मुताबिक कम गंदा पानी ही पहुंच पा रहा है, जिसकी सफाई हो रही है। दावे किए गए थे कि प्लांट में पहुंचने वाले गंदे पानी की सफाई 12 मिनट के अंदर होगी। प्रत्येक 12 मिनट में 14400 क्यूबिक मीटर पानी की सफाई होनी तय है और अगले 28 मिनट में यह पानी रिटर्न स्लूज पंप में चला जाता है, जहां से पानी और मल को अलग अलग जगहों पर छोड़ा जाता है। फिलहाल तो आधा काम भी नहीं हो रहा है।

### निगम का स्थापना व्यय ही हर महीने 5 करोड़

नगर निगम का स्थापना व्यय प्रति महीने 5 करोड़ रुपए के लगभग है। इन्हीं सबके बीच सीवरेज परियोजना बिलासपुर शहर और निगम पर भारी पड़ रहा है। निगम ने सीवरेज परियोजना के काम को आगे बढ़ाने के लिए 2012 में राज्य शासन से 194 करोड़ का ऋण लिया था। इससे कितना काम हुआ यह तो शहरवासी बेहतर जान रहे हैं, लेकिन इसका हर महीने 2 करोड़ रुपए का ब्याज जरूर पिछले 12 सालों से पटाना पड़ रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यह ऋण खत्म हो गया है इसलिए कटौती भी शासन की ओर से पिछले तीन महीनों से बंद कर दी गई है। निगम के मुताबिक वर्तमान में करीब 5 लाख की आबादी के हिसाब से बिलासपुर निगम को राज्य शासन से चुंगी क्षतिपूर्ति के तौर पर एक करोड़ 73 लाख रुपए की राशि हर महीने मिलती है। इसमें से 96 लाख की कटौती हो जाती है। इसके साथ ही बार लाइसेंस का 4 करोड़ रुपए हर साल, मुद्रांक शुल्क का 18 करोड़ रुपए मिलता है।

### सीवरेज के यह काम अभी भी अधूरे

**पंपिंग स्टेशन:** जवाली नाला पुल अधूरा, शांतिनगर और मंगला पंपिंग स्टेशन का मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य बाकी

**प्रापर्टी चेंबर:** जोन 1 में 17250 और जोन 2 में 5528 कार्य बाकी

**मेनहोल:** जोन 1 के अंतर्गत 2223 मेनहोल का कार्य शेष।

**प्रापर्टी चेंबर का नेटवर्क:** जोन 1 के अंतर्गत 117.65 बाकी

**पाइप लाइन:** 2.9 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने, 705 मीटर रेलवे क्रासिंग का काम बाकी 200 से अधिक किलोमीटर पाइप लाइन की सफाई और हाइड्रो टेस्टिंग शेष।

### सैकड़ों जगहों पर खुदाई बाकी

निगम भी मान रहा है कि लोगों को अभी सीवरेज की खुदाई भुगतनी पड़ेगी। शहर में अभी 100 से अधिक जगहों पर सीवरेज की खुदाई की जानी है। इंटर कनेक्शन के ज्यादातर कार्य चौराहे के आस पास के हैं, इसलिए कंपनी इस कार्य को अभी निपटाने की स्थिति में नहीं है। ठेका कंपनी ने सभी पेचीदा काम को पेंडिंग में रख दिया है। यहां तक कि बिछाई गई करीब 200 किलोमीटर पाइप लाइन की हाइड्रो टेस्टिंग तक का काम नहीं हो सका है। कंपनी के वर्क आर्डर के अनुसार 2010 में कार्य पूर्ण करना था, परंतु 12 साल बाद भी यह अधूरा है।

### इनमें कटती निगम की राशि

निगम के मुताबिक 87 लाख रुपए हर महीने पेंशन अंशदान, परिवार कल्याण कटौती 7 लाख रुपए हर महीने, यांत्रिकी प्रकोष्ठ कटौती 5 प्रतिशत के साथ ही शासकीय ऋण की कटौती इसमें सूडा, हुडको, जल आवर्धन और आईएचएसडीपी के ऋण की कटौती के साथ सीवरेज के लोन की राशि काटी जाती है।



सामान जलकर खाक

# फर्नीचर दुकान सहित 6 ठेले गुमटी में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार को तड़के मंगला चौक स्थित फर्नीचार व आसपास के 5 ठेला गुमटी में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। तीन दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। आग से दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, लोग मंगलवार को तड़के सुबह 4 बजे मार्निंग वाक करते हुए उसलापुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मंगला चौक स्थित हरिओम फर्नीचर दुकान से धुंआ व आग की लपटें बाहर निकलते देखा। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और दुकान के आसपास रखे ठेला गुमटी उसकी चपेट में आ गए। आगजनी की घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। फर्नीचर दुकान में लकड़ी का सामान व केमिकल रखे होने के कारण आग फैलते जा रही थी। दोनों दमकल का पानी खत्म होने पर फिर से एक दमकल पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की गई। 3 घण्टे के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग से फर्नीचर दुकान व ठेला गुमटी में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गए। शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

### इन व्यापारियों को नुकसान

- हरिओम फर्नीचर संचालक भागीरथी साहू निवासी 27 खोली 35 लाख
- गंगानगर निवासी सिया बाई यादव कैरेट सब्जी एवं फल 80 हजार
- तखतपुर खमरिया निवासी रामलाल प्रेस के लिए आया कपड़ा 80 हजार
- मंगला शैल विहार निवासी कृष्ण कुमार यादव केला सहित इंजन आयल
- शांती नगर ठेठा डबरी रविश कुमार नेताम टीन सेट, कैरेट सब्जी फल 70 हजार
- सकरी अटल आवास निवासी रामप्रसाद साहू गुटखा पान चाय बिस्किट 70 हजार

# प्रताड़ना से कोयला व्यापारी ने की खुदकुशी, पार्टनर सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बड़े भाई के मोबाइल में सुसाईड नोट सेंड कर तिफरा के कोयला व्यापारी ने सरगांव में जहर खाकर खुदकुशी कर लिया गया था। जांच के चार माह बाद पार्टनर सहित चार व्यापारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि तिफरा आर्या कालोनी निवासी नरेन्द्र कुमार कौशिक पिता स्व. रूपचंद कौशिक सरगांव खपरी रोड में अमीषा ट्रेडर्स के नाम से कोलडिपो चलाते थे। 27 नवंबर 2024 की रात उन्होने बड़े भाई ओम प्रकाश कौशिक के मोबाइल में सुसाईड नोट सेंड कर सरगांव स्थित सरस्वती स्कूल के पास अपनी कार में जहर खा लिया था। सुसाईड नोट देखकर उनका भाई ओमप्रकाश, इसमाइल, शेखर साहू के साथ मौके पर गए तो नरेन्द्र कुमार कौशिक कार के अंदर बदहवाश हालत में पड़े हुए थे। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया था।

सूचना पर पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया था और सुसाईड नोट जब्त कर जांच में जुट गई थी। मृतक ने सुसाईड नोट में लिखा था मेरा 70 लाख से उपर के कोयला जिसका एक नम्बर में बिल और टीपी तेरे पास है। जिसको मेरे मुंशी राजेश कोटवानी, देवेन्दर उपवेजा, सूरज प्रधान, संजय भट्ट बेचकर भाग गए हैं और दो लोडर भी ले गए हैं। इस तरह से 33 करोड़ रुपए का नुकसान कर प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित किया गया था। सुसाइट नोट के आधार पर मामले की जांच करने के बाद 16 अप्रैल को सरगांव थाना प्रभारी संतोष शर्मा, अजय चौरसिया, जय दुबे, सूरज धूरी, रिपीन बनर्जी, रामू निषाद ने शहर में दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पकड़े गए आरोपी

- राजेश कोटवानी पिता टहल कोटवानी 48 साल ओम गार्डन नेहरू नगर
- देवेन्द्र सिंह उपवेजा पिता महेन्द्र सिंह 54 साल जूनी लाइन
- सूरज प्रधान पिता शम्भुनाथ 34 साल दुर्गानगर लिंगियाडीह
- संजय भट्ट पिता हरिशंकर भट्ट 53 साल अंधियारीपारा अकलतरा जांजगीर

# सीयू में जमकर बवाल, नारेबाजी, गरमाया रहा माहौल

**बिलासपुर।** एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों से योग के समय नमाज पढ़ने का स्टेप कराए जाने के मामले को लेकर संगठनों ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की गई।। यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा 48 घंटे भीतर जांच रिपोर्ट प्राप्त कर कार्रवाई के आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एनएसएस कैंप विवाद को लेकर आज माहौल गरमाते देख बड़ी संख्या पुलिस यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंच गई थी। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा प्रशासनिक भवन के गेट पर तालाबंदी कर दी गई थी, जिसके चलते एबीवीपी के छात्रों की भीड़ प्रशासनिक भवन के सामने ही जमकर विरोध प्रदर्शन, धरना नारेबाजी की। छात्रों की भीड़ ने गेट को ध छात्रों का आंदोलन सुबह करीब साढ़े दस बजे से शुरू हुआ और यूनिवर्सिटी के एबीवीपी के छात्र-छात्राओं के अलावा एबीवीपी के शहर के छात्र एवं हिन्दू संगठन के लोग भी यूनिवर्सिटी पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल हो गए। छात्रों के प्रदर्शन के करीब डेढ़-दो घंटे बाद कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने आकर प्रदर्शनकारी छात्रों को यह समझाने का प्रयास किया कि जांच कमेटी बना दी गई है और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कार्रवाई होगी, किन्तु छात्र उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए और आंदोलन जारी रहा। दोपहर बाद पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलवाया गया जिसमें प्रभारी रजिस्ट्रार एचएन चौबे, प्रभारी छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह, वरिष्ठ प्राध्याक प्रो. अमित कुमार सक्सेना की ओर से संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त लिखित में यह आश्वास्त किया गया कि यूनिवर्सिटी की ओर से इस प्रकरण में सत्य शोधक समिति का गठन किया गया है जो कि दो कार्य दिवस 48 घंटे में रिपोर्ट देगी, जिसपर विधि सम्मत कार्रवाई तत्काल की जाएगी। इसके बाद ही आंदोलन समाप्त हुआ।



### अब तक सामने नहीं आया वीडियो - फोटो

आज आंदोलन के दौरान यह चर्चा का विषय था कि अभी तक किसी भी छात्र ने घटना का वीडियो यह फोटो सहित प्रमाण प्रस्तुत क्यों नहीं किया है। यह संभव नहीं है कि सारे छात्रों ने मोबाइल जमा करवाया हो। घटना का वीडियो सामने आने पर यह जाहिर हो सकेगा कि किस शिक्षक ने छात्रों पर दबाव बनाया। यह सवाल उठ रहे हैं कि केवल तीन छात्र और शिक्षकों के सामने इतनी बड़ी संख्या में मौजूद छात्रों ने तत्काल विरोध क्यों नहीं दर्ज कराया।

### हटाए गए एनएसएस के सारे अधिकारी

इधर एनएसएस कैंप में नमाज विवाद के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने कार्यक्रम अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग इकाई के डॉ. प्रिंसी मतलानी, सिविल एंड इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन के सुश्री आयुषी नायक, प्राणी शास्त्र विभाग इकाई की डॉ. गीता मिश्रा, वनस्पति विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग इकाई की डॉ. मधुलिका सिंह, कला अध्ययन शाला इकाई की डॉ. ज्योति वर्मा, वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग इकाई के डॉ. प्रेमशंकर द्विवेदी, कंप्यूटर साइंस एंड सूचना प्रौद्योगिकी विभाग इकाई के डॉ. प्रशांत वैष्णव, रसायन विभाग इकाई के डॉ. सूर्यभार सिंह, कला अध्ययन शाला इकाई के डॉ. बसंत कुमार को तत्काल प्रभाव से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के दायित्व से भारमुक्त कर दिया गया है। इस मामले में एनएसएस समन्वयक प्रो. दिलीप झा को एक दिन पहले हटा दिया गया और उनकी जगह पर प्रो. राजेन्द्र मेहता को एनएसएस का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### जांच कमेटी गठित

एनएसएस कैंप विवाद मामले को लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से एक फैक्ट फाडिंग जांच कमेटी बनाई गई है। इस तीन सदस्यीय जांच कमेटी में फिजिकल डिपार्टमेंट के प्रो. वीएस राठौर को समन्वयक तथा फार्मेसी डिपार्टमेंट के प्रो. भारती अहिरवार एवं फिजिकल एजुकेशन के ही डॉ. बीआर रावटे को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।




## निधन

### सूर्य कुमारी पांडे



बिलासपुर। जूना बिलासपुर कतियापारा निवासी स्वर्गीय महादेव प्रसाद पांडे की पत्नी श्रीमती सूर्य कुमारी पांडे का 16 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम यात्रा 17 अप्रैल को सुबह 11 उनके निवास से मधुबन नारियल कोठी दयालबंद के लिए निकलेगी। वे दीपा तिवारी, मीना त्रिवेदी, मधु त्रिपाठी, माया और ज्योति की माता थीं।

### आनंद महतो



बिलासपुर। सूर्या चौक चिंगराजपारा निवासी आनंद महतो का 15 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को सरकंडा अमरैया चौक स्थित मधुबन में किया गया।

### करण भोजवानी



बिलासपुर। सदाबहार अपार्टमेंट जगमल चौक निवासी करण भोजवानी का 16 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष भोजवानी के सुपुत्र, नारायण दास भोजवानी, गिरीश भोजवानी के भतीजे, अर्जुन भोजवानी, प्रेम भोजवानी के भाई थे।

### जवाहरलाल तिवारी



बिलासपुर। मंगला स्थित दीनदयाल कालोनी निवासी जवाहरलाल तिवारी (जोकी वाले) का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वे लखन लाल तिवारी के छोटे भाई, रेखा, राखी के पिता, बसंत व अश्वनी तिवारी के चाचा थे।

### सौरभ सिंग



तखतपुर। मिशन कम्पाउंड वार्ड 4 निवासी सौरभ सिंग का 38 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल को निधन हो गया। वे हेमंत सिंग एवं केशनी सिंग के पुत्र, सुलोचना सिंग के पति तथा आवेश जान के भांजे थे। इनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में किया गया।

# लक्ष्य से 5.02 प्रतिशत कम हुई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

उप पंजीयक कार्यालय में जमीन का पंजीयन लक्ष्य की तुलना में 5.02 प्रतिशत कम रहा। वर्ष 2023-24 में पंजीकृत दस्तावेजों की संख्या 5 हजार 5 सौ 58 रही, वहीं इस वर्ष की समाप्ति पर 5 हजार 2 सौ 79 दस्तावेजों की रजिस्ट्री की गई। गत वर्ष की तुलना में 2 सौ 79 पंजीयन कम हुए।

नए वित्तीय वर्ष में जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ने की संभावना को लेकर मार्च के अंतिम दिनों में अवकाश के दिनों एवं देर रात्रि तक पंजीयन कार्य जारी रहा। शहरी क्षेत्रों में जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों की रजिस्ट्री में बीच-बीच में प्रतिबंध लगने से लक्ष्य प्रभावित हुआ। गत वर्ष जमीन की खरीद बिक्री सामान्य रही, ऐसे में जमीन का पंजीयन लक्ष्य की तुलना में इस बार 5.02 प्रतिशत कम रहा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 5 हजार 5 सौ 58 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई, जिनसे लगभग 22 करोड़ 52 लाख 72 हजार 879 रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई थी, जबकि इस वर्ष कुल 5 हजार 2 सौ 79 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई, जिनसे 29 करोड़ 20 लाख 35 हजार 486 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में जमीन के छोटे टुकड़ों पर कभी रजिस्ट्री रूकी होती है, तो कभी खुल जाती है। छोटे टुकड़ों में रजिस्ट्री होने से लक्ष्य पूर्ति में मदद मिल जाती है। उसके बाद भी लक्ष्य की तुलना में कम पंजीयन होना जमीन खरीदी बिक्री में लोगों की रूचि को दिखाता है। उल्लेखनीय है कि शहरी एवं नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्को में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई को लेकर समय-समय पर अनुविभागीय कार्यालय राजस्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा चिन्हित खसरों पर रोक लगाने के लिये पत्र लिखा गया था। शहरी क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनी निर्माण के उद्देश्य से बिना किसी कॉलोनी विकास अनुज्ञा तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग की अनुमति के लिये बिना भूमि को छोटे-छोटे भूखण्डों में विभाजित करना अवैध कालोनी निर्माण की श्रेणी में आता है।



पंजीयक कार्यालय मुंगेली।

इस संदर्भ में नगर पालिका कार्यालय से कालोनी विकास हेतु आवश्यक पंजीयन प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने के चलते मुंगेली शहरी क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थलों पर अवैध प्लाटिंग को रोके जाने के लिए कहा गया है। यह माना जा रहा है कि पिछले पांच वर्ष से पंजीयन दर नहीं बढ़ने के कारण राजस्व आय की क्षति हो रही थी। जिसे देखते हुए जिले के पंजीयन विभाग ने दस्तावेज पंजीयन की जो दर वर्ष 2018-19 में निर्धारित थी। उक्त दर को ही आगे बढ़ाने की तैयारी करते हुए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। जिसका वर्तमान में सर्वे कार्य चल रहा है। जो इसी वित्तीय वर्ष में जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ने की संभावना को लेकर मार्च माह में 7 सौ 25 पंजीयन रहा। यदि बात करें अप्रैल की तो अब तक 1 सौ 57 पंजीयन हो चुके हैं।

### सरपंच संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

तखतपुर। नवनिर्वाचित सरपंच संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 17 अप्रेल को दोपहर 12 बजे जनपद सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि विधायक डॉ धर्मजीत सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक करेंगे एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जपं अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी उपस्थित रहेंगे। सरपंच संघ को अध्यक्ष श्यामसुंदर कश्यप ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### जनजागरण कार्यक्रम आज

सीपत। बढ़ती गर्मी के चलते आगजनी की घटना की रोकथाम के लिए सीआईएफ अग्निशमन विभाग एनटीपीसी के तत्वाधान में आज शाम सीपत बस स्टैंड में अग्नि सुरक्षा सप्ताह तहत जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को इस आयोजन में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की गई है, ताकि भावी अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके।



श्रद्धांजलि देते सीआईएसएफ के जवान।

## सीआईएसएफ राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

सीपत। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा इकाई एनटीपीसी सीपत द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में किया गया।

▪ शहीद जवानों ने दिया साहस व बहादुरी का परिचय : शरण

सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार मलिक ने मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अनिल शंकर शरण सहित अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों का अभिवादन किया। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर सन 19 सौ 44 में हुए बाम्बे डाकयार्ड की भीषण अग्नि दुर्घटना एवं देश भर में प्रत्येक वर्ष होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को मुख्य अतिथि अनिल शंकर शरण सहित अन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल शंकर शरणने सभी को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि निश्चित ही शहीद सीआईएसएफ के जवानों ने बहादुरी और साहस का परिचय दिया है। आगजनी की घटनाओं में सीआईएसएफ का योगदान सराहनीय है। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संयंत्र के कर्मचारियों, गृहणियों व बच्चों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता आएगी।

## डिप्टी सीएम साव की अनुशंसा पर 10 गांव में बनेंगे ग्राम गौरव पथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत के 10 ग्राम पंचायतो में 3 करोड़ 80 लाख 28 हजार की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के तेलीखाम्ही में 35.11 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण, ग्राम पंचायत मनोहपुर के आश्रित ग्राम खपरीडीह में 40.53 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण, ग्राम चेचानडीह में 41.28 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, ग्राम खैरवार खुर्द में 32.06 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण, ग्राम राम्हेपुर कला में 40.32 लाख लकी लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में बोड़तरा कला 36.78 लाख, ग्राम लाखासार में 40.47 लाख, ग्राम सुकली में 33.01 लाख. ग्राम झाफल में 41.53 लाख एवं ग्राम खपरीकला में 39.19 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य किए जाएंगे। योजना में कुल दस स्थानों में निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 80 लाख 28 हजार स्वीकृत हुई है। निर्माण कार्य की स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।



निर्माण के लिए 3 करोड़ 80 लाख की राशि स्वीकृत

तहसील रतनपुर के ग्राम घांसीपुर स्थित भूमि का मामला

## प्रशासन ने पुनर्विलोकन के बाद रद्द किया सरकारी जमीन का डायवर्सन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खबर का असर

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एसडीएम कोटा ने पुनर्विलोकन सुनवाई के बाद 60 डिसमिल सरकारी जमीन का डायवर्सन रद्द कर दिया है। उन्होंने इस भूमि पर जारी निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी है। ज्ञात हो कि कलेक्टर अवनीश शरण ने 60 डिसमिल सरकारी जमीन के डायवर्सन किए जाने संबंधी हरिभूमि की खबर को गंभीरता से लिया था और इसे टीएल पंजी में दर्ज कर इसकी जांच और कार्रवाई की नियमित समीक्षा कर रहे थे। गौरतलब है कि तहसील रतनपुर के ग्राम घांसीपुर स्थित भूमि खातेदार किशनलाल पिता हीरालाल की 0.60 एकड़ भूमि को तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा द्वारा व्यपवर्तन का आदेश 22 नवंबर 2024 को दिया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर प्रश्नाधीन खसरे के विरूद्ध किए गए डायवर्सन आदेश निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा को निर्देश दिया गया। यह निर्देश इस आधार पर दिया गया कि प्रश्नाधीन भूमि ख.नं 61/10 कुल रकबा 2.023 हे निस्तार पत्रक से पृथक नहीं हुआ है तथा दर्ज रकबा मिसल के रकबे से मिलान करने पर अधिक पाए जाने पर अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर से पुनर्विलोकन की अनुमति मांगी गई। पुनर्विलोकन की अनुमति पश्चात पक्षकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। जिसमें उनके द्वारा सेना में सेवा के रूप में भूतपूर्व सैनिक को प्राप्त भूमि है, जो नायब तहसीलदार कोटा के रा.प्र.क्रमांक 578/3-19/1981-82 में पारित आदेश 5 अप्रैल 1983 के अनुसार पट्टे पर शासकीय भूमि को भूमिस्वामी हक में प्राप्त हुआ है।

प्रश्नाधीन भूमि राजस्व अभिलेख निस्तार पत्रक में बड़े झाड़ का जंगल मद में दर्ज होना तथा निस्तार पत्रक से पृथक नहीं होने एवं रकबा मिसल से अतिरिक्त होने के फलस्वरूप व्यपवर्तन आदेश 22 नवंबर 2024 के डायवर्सन को निरस्त करते हुए निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है।



दो दिन में फर्जी दस्तावेजों से 60 डिसमिल जंगल मद की जमीन का किया डायवर्सन

5 जनवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर

## चोरों के बढ़ते हौसले बन रहे पुलिस के लिए चुनौती

सीपत। सीपत नवाडीह में फिर से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं, पिछले 15 दिनों से चोर लगातार एक के बाद एक घरों को निशाना बना रहे है। हालात ऐसे हैं कि चोरी करने की फिराक में कई घरों के सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए गए हैं, तो कई घरों की खिड़कियों को तोड़ दिया गया है। कुछ दिन पहले नवाडीह चौक की एक किराना दुकान को निशाना बनाकर चोरों ने हजारों हजारों रुपए पार कर दिया था। लगातार हो रही घटनाओं से परेशान नवाडीह के ग्रामीणों ने बुधवार को बड़ी संख्या में थाने पहुंचे एवं टीआई गोपाल सतपथी से घटना की लिखित शिकायत की। इस पर टीआई ने क्षेत्र में गश्त बढाने की बात कही और लाइट की समुचित व्यवस्था कराने अधिकारियों से बात की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पिछले महीने भर से लगातार मोहल्ले में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे पूरे मोहल्ले में भय व आतंक का माहौल बना हुआ है। स्थिति ऐसी बन गई है कि मोहल्लेवासी रात में घर से उठकर बाहर निकलने से डर रहे है। ग्रामीणों में दहशत है कि अज्ञात चोर उन पर कहीं प्राण घातक हमला न कर दें। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पेट्रोलिंग बढाने एवं अज्ञात चोरों की पतासाजी कर उचित कार्रवाई की मांग की है।



पुलिस को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# छतों पर लोग रख रहे परिंदों के लिए दाना-पानी

गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए छत या आंगन में सकोरा रखने लोगों में काफी जागरूकता आई है। इन दिनों माहेश्वरी समाज, गुप्ता समाज सहित अन्य लोग इसे लेकर एक अभियान चला रहे हैं और अपने-अपने घरों में पक्षियों का प्यास बुझाने सकोरा रख रहे हैं। साथ ही इस स्वैच्छिक सकोरा अभियान के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।





## भीषण गर्मी को देखते हुए लोग हो रहें सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी के चलते शहर के कुछ मोहल्लों के साथ ही पशु-पक्षियों के सामने भी पानी का संकट खड़ा हो गया है। गर्मी में प्यासे को पानी मिल जाए, इससे अच्छा कोई कार्य नहीं है। यदि जल पशु पक्षियों को पिलाया जाए तो पुण्य लाख गुना बढ़ जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शहर के कई समाज के लोग सामने आए हैं और पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।



### पशु-पक्षियों के प्रति रखें दया भाव

माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा गर्मी को देखते हुए इस साल भी अपने छतों, बगीचे, पेड़ों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे भरकर रख रहे हैं। यह क्रम पूरे गर्मी भर चलेगा। इस कार्य में विनीता, सुधा, ममता, किरण, ज्योति, दीपाली, नीलम, अंजना, शीला, सरोज, श्वेता, शिखा, मेघा, पूजा, सौम्या, ख्याती, सरिता, संगीता, योगिता, कुसुम, आरती आदि शामिल हैं। इन सभी सखियों का कहना है कि इस तरह के कार्य करने से आत्म संतुष्टी मिलती है। घर के बच्चों में भी यही संस्कार आएगा। उनका कहना है कि पशु-पक्षियों के प्रति दयाभाव रखें। इस कार्य के लिए सभी को प्रेरित करना ही हमारा उद्देश्य है।

### आते हैं तोते, कबूतर

स्वैच्छिक सकोरा अभियान में अधिवक्ता शोभा कश्यप भी पिछे नहीं है। वे पिछले कई सालों से अपने घर में पक्षियों के लिए जल पात्र व दाना रखते आ रही है। पक्षियों की प्यास बूझाने के लिए नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली है। श्रीमती कश्यप ने बताया कि उनके यहां कबूतर, तोते सहित अन्य पक्षियां नियमित रूप से आ रहे हैं। उन्हें देखने से मन खुशी से भर जाता है।

### गुप्ता समाज करेगा 250 सकोरे का वितरण

अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य गुप्ता महासभा ट्रस्ट ने 250 सकोरा वितरण करने का निर्णय लिया है। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने अपील की है कि गर्मी के मौसम में जल का बहुत ज्यादा महत्व है। भीषण गर्मी में मूक पशु-पक्षियों के लिए जल व दाना रख कर उनकी रक्षा करें। घरों की छत पर पानी भरकर, दाना छांव में रखे ताकि पंछी गर्मी में अपनी प्यास बूझा सके।

आयोजन

## सेवा एक नई पहल ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान




**बिलासपुर।** समाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने वनवासी मांझी पारा व उरांवपारा के प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए वॉटर बॉटल, खेल खिलौने, स्कूली बैग, दरी,चरण पादुकाएं, चॉकलेट बिस्किट, स्वच्छता के लिए साबुन व पौष्टिक आहार दलिया बच्चों के पालकों को वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका रेखा आहुजा ने शहर के दान दाताओं, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पूर्व महामंत्री कमल बजाज, आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ साधक इंदर गुरुबाणी, सरोज अग्रवाल, बीमा अभिकर्ता रेनू मूंदड़ा, राम हिंदुजा, राजेश सचदेवा, इंदिरा दादी, रत्ना गुरनानी शामिल थे। विगत 9 वर्षों से यह कार्यक्रम संस्था द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंद लोगों का सहयोग किया जाता रहा है।

शिविर

## सच्चा इंसान वह है जो सबसे समान व्यवहार करे : संतोषी



**बिलासपुर।** रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है बल्कि यह मनुष्य को जीवन में बहुत कुछ सीख देता है। रामायण के हर एक चरित्र से कुछ न कुछ शिक्षा अवश्य प्राप्त होती है। यदि व्यक्ति रामायण को सुनने के साथ उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में अनुसरण करे तो वह एक सफल जीवन व्यतीत कर सकता है। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की मुख्य शाखा राजयोग भवन बिलासपुर सेवाकेंद्र की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने ग्राम भरारी में आयोजित अखंड नवधा रामायण के शुभ अवसर पर कहा। दीदी ने आगे बताया कि रामायण में राम जी को मर्यादा पुरूषोत्तम कहा गया है, राम जी के चरित्र में त्याग की कहानी है। राम जी का विनम्र आचरण बड़ों और छोटों को सम्मान देना,एक-दूसरे के साथ बिना किसी भेद भाव के समान व्यवहार करना सिखाता है। हमें जानवरों के साथ भी प्यार और दया का व्यवहार करना चाहिए। सच्चा इंसान वह है जो सबसे समान व्यवहार करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम जिनके सामने चाहे कैसी भी परिस्थिति आई, लेकिन अपने कर्तव्य से कभी भी पीछे नहीं हटे। धैर्यता पूर्वक उन परिस्थितियों का सामना करके वह राजा राम से प्रभु राम बन गए। तो वही मां सीता की पवित्रता दर्शायी गई है। विपरीत परिस्थितियों को स्वीकार कर अपनी निष्ठा को बनाए रखकर समर्पणता का प्रतीक है। अपने कार्य के प्रति परिवार के प्रति या परमात्मा के प्रति समर्पणता सिखाती है मां सीता जी का चरित्र। लक्ष्मण जो सदैव अपने बड़े भाई राम जी के साथ रहे। हमें अपने जीवन में सदैव अपना लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। लक्ष्य के प्रति सजग रहना और जैसा हमारा लक्ष्य होता है वैसा ही हमारे लक्षण भी होना चाहिए। भरत ने भैया राम की चरण पादुका को सिंहासन पर रखकर उनको शासक मानते हुए राज-काज संभाला। रामायण हमें अच्छे संग का महत्व बताती है।

## संकष्टी चतुर्थी पर सिद्धि विनायक का पूजन, अभिषेक भक्तों ने व्रत रख कर की सुख-समृद्धि की कामना





**बिलासपुर।** संकष्टी चतुर्थी पर शहर के राम मंदिर तिलकनगर, गणेश मंदिर रेल्वे एवं गणेश मंदिर बंगाली पारा में सिद्धि विनायक भगवान की विशेष पूजा कर अभिषेक किया गया। कई भक्तों ने व्रत रख कर परिवार में सुख-समृद्धि बहाल होने की कामना की।

प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने का विधान है। वहीं वैशाख माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को विकट संकष्टी चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। बुधवार को विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत और विधिपूर्वक भगवान गणेश की पूजा करने से समस्त परेशानियों का समाधान निकल जाता है। इसके साथ ही जातक को धन, समृद्धि, संपन्नता और खुशहाली का आशीर्वाद मिलता है। संकष्टी चतुर्थी व्रत का पारण चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही किया गया। तिलकनगर राम मंदिर में कई भक्तों ने अभिषेक एवं एक भक्त ने भगवान का श्रृंगार कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राममंदिर समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### संतान की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

अप्रैल महीने की संकष्टी चतुर्थी का भी बड़ा महत्व है। इस दिन भगवान श्री गणेश और चंद्रमा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। माताएं ये व्रत अपने संतान की लंबी उम्र के लिए रखीं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। विकट संकष्टी चतुर्थी गुरुवार 17 अप्रैल को दोपहर 3:23 बजे समाप्त होगी।

### अभिषेक व श्रृंगार

कुल 641 भक्तों के द्वारा अभिषेक कराया गया ,आज का श्रृंगार किशोर राव काले के द्वारा करवाया गया। पूजन का कार्यक्रम मधुसूदन अड़वे ,श्री उदय वारे, मनोज दिग्राशकर गजानन पेंढ़ारकर, चिन्मय चिंचोलकर के द्वारा संपन्न कराया गया।



दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में पाठेत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत अंतर सदनीय वर्ल्ड हेरिटेज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा विश्व प्रसिद्ध स्थलों को अपने चित्रों के द्वारा प्रस्तुत किया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर नर्मदा सदन से जीविषा सिंह प्रथम, कावेरी सदन से द्वितीय स्थान पर अग्रिमा पासवान तथा कावेरी सदन से ही कार्यालय जौहरी तृतीय स्थान पर रही। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सुरेखा तिवारी रहीं।

कार्यक्रम

## लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में पुरी व छाबड़ा का सम्मान





**बिलासपुर।** जबलपुर में हुई 8 वीं लायन्स इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में बिलासपुर रीजन 7 के जोन चेयरपर्सन लायन नन्दलाल पुरी को 3 स्टार जोन चेयरपर्सन अवार्ड से नवाजा गया है। पुरी पिछले 32 वर्षों से लायन्स क्लब में सेवा कार्य कर रहे हैं। डॉ. कमल छाबड़ा को क्लब एक्सीलेंस का अवार्ड दिया गया।

स्पोर्ट्स न्यूज

आधारशिला विद्या मंदिर में लिया गया ट्रायल

## बिलासपुर ब्लू अंडर-16 टीम घोषित



**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए क्रिकेट संघ द्वारा 5 अप्रैल को आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया गया। जिसमें कुल 137 लड़कों ने ट्रायल में भाग लिया जिसमें चयनकर्ता के रूप में ओपी यादव दिलीप सिंह अभिषेक सिंह सुशांत शुक्ला एस जावेद के द्वारा खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने के पश्चात 70 खिलाड़ियों का नाम नामांकित किया। इसके पश्चात खिलाड़ियों का बोन टेस्ट कराया गया और बिलासपुर के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें खिलाड़ियों के मध्य 4 सिलेक्शन मैच का कराया गया और इन सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप के लिए टीम घोषित की गई। इस टूर्नामेंट का बिलासपुर ब्लू पहला मैच गुरूवार को कोरबा के मध्य खेलेगी इसके पश्चात 23 अप्रैल को दूसरे मैच में सरगुजा के मध्य खेलेगी और यह दोनों मैच बिलासपुर के रेलवे ग्राउंड में खेला जाएगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।

## शोभनाथ को हैमर थ्रो में गोल्ड



दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित चौथे राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स 2025 में बिलासपुर छत्तीसगढ़ के शोभनाथ यादव ने हैमर थ्रो में गोल्ड तथा तवा फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। पुलिस विभाग थाना सिविल लाइन में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ शोभनाथ के इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर कोलंबो श्रीलंका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिया हुआ है। ज्ञात को कि शोभनाथ ने इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी पदक प्राप्त किया है। उनकी सफलता पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित सभी खेल संघों खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

## भारतीय महिला बास्केबॉल में दिव्यानी का चयन

रेलवे के मेकेनिकल विभाग में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत दिव्यानी गंगवाल का चयन भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में हुआ है। यह टीम जल्द ही एशियन बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम का कैंप 24 अप्रैल तक तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित होगा, जिसमें दिव्यानी गंगवाल भी भाग लेंगी।



## तीरंदाजी में बिजौर की छात्रा ने लहराया परचम



एनटीपीसी सीनियर नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप जमशेदपुर झारखण्ड में सिल्वर 38वीं तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिजौर की छात्रा ने ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना साधकर परिवार और विद्यालय का मान बढ़ाया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजौर बिलासपुर की कक्षा 9 वीं की छात्रा चांदनी साहू ने एनटीपीसी सीनियर नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप जमशेदपुर झारखण्ड में 15 दिसम्बर से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित प्रतियोगिता में इंडियन राउंड बालिका वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। साथ ही 38 वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता देहरादून उतराखण्ड में आयोजित हुई जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडियन राउंड एकल में टीम में कास्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की छात्रा चांदनी साहू के राष्ट्रीय स्तर पर मैडल प्राप्त करने पर चांदनी साहू ने बताया कि व्यायाम शिक्षक सुभाष त्रिपाठी के मार्गदर्शन से ही यह संभव हुआ। संस्था की प्रभारी प्राचार्य मनीषा मिश्रा, आदित्य कुमार कश्यप, हेमकांति नायक, तुलाराम भास्कर, मधु जायसवाल, सरिता तिवारी, नीलिमा मिश्रा, रजनी सिंह, अर्चना सिंगरौल, आरती अग्रवाल, श्वेता उपाध्याय, सरोजनी साहू, प्रीति मसीह, सुनीता धुर्वे, नंदिनी छात्रे, योगेश पाण्डेय, अंजू मौर्य, नंदनी, अन्वया पाण्डेय, रचना तिवारी, दुष्यन्त दीवान, हितेश वैष्णव, हनिष डेविड आदि ने चांदनी साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### अधीक्षण अभियंता ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण



**लोरमी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र के अधिक्षण अभियंता परीक्षित चौधरी ने लोरमी विखं के विभिन्न गांवों में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और एकल ग्राम योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम सुकली, लाखासार, बांधी, तेलीखाम्ही, घोरबंधा तथा झझपुरीकला में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने खुड़िया समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, जेडबीआर, एमबीआर का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंता श्री चौधरी ने निर्माणाधीन एकल एवं समूह योजना में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुंगेली स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना, मुंगेली एसडीओ आशीष मिश्रा, उपभियंता कृष्णमूर्ति एवं टेक्निकल कॉर्डिनेट अमित लहरे एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### लापता बच्ची मामले में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** जिला कांग्रेस कमेटी के डेलिगेशन ने 7 वर्षीय बालिका के लापता होने के संबंध में राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कांग्रेस के लोगों ने पीड़ति परिजनों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल यह गंभीर मामला संज्ञान में लाना चाहते हैं। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने परिजनों से मुलाकात की, इस दौरान लापता बच्ची के माता-पिता और परिजनों ने बताया कि बच्ची को लापता हुए लगभग 5 दिन हो गए हैं, जिससे परिजन भयभीत नजर आ रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, मनीष त्रिपाठी, स्वतंत्र मिश्रा, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, नरेश पाटले,कृष्ण कुमार सोनी, लल्ला सिंह, लक्ष्मी जायसवाल, अरुण कशयप, लखन कशयप, सतेश्वर जायसवाल, विद्यानन्द चंद्राकर, अभिलाष जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ कहरा समाज के वार्षिक अधिवेशन का समापन



**बिलासपुर।** जांजगीर जिले के खरौद नगर में छत्तीसगढ़ कहरा समाज का प्रदेश स्तरीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रदेशभर से समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने सभा को संबोधित करते हुए शिवरीनारायण स्थित कहरा समाज के सामाजिक भवन की बाउंड्री वॉल एवं स्वच्छ शौचालय निर्माण हेतु पांच लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि कहरा समाज की उन्नति, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए वे हर संभव सहयोग करती रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश ने की। अधिवेशन के दौरान समाज की विभिन्न प्रतिभाओं विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक पामगढ़ शेषराज हरबन्स थीं। इस मौके पर नवल सिंह, नीरज खूंटे, प्रमेंद्र यादव हरिहर आदित्य देवव्रत आदित्य दीपक आदित्य,अशोक, माधुरी आदित्य लाला आदित्य खिलावन जवाहर गोपी फ़िरत बलराम एव समाज के वर्तमान पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी व प्रदेश भर से समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सर्वेक्षण पखवाड़ा के तहत केंद्रीय मंत्री ने किया मदनपुर गांव का दौरा

# आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब को पक्का घर देना है: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बुधवार को मुंगेली जिले के मदनपुर गांव का दौरा किया।

उन्होंने आवास प्लस 2.0 योजना के तहत जारी सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया और हितग्रही सरस्वती बाई के घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से हितग्राही सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने ग्राम मदनपुर में झूलबाई को आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित मकान का रिबन काटकर विधिवत गृह प्रवेश कराया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब ग्रामीण को एक पक्का घर उपलब्ध कराना है। यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक मजबूत कदम है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने बताया कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा रही है, जो पूर्व की स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में किसी कारण वश छूट गए थे। इन छूटे हुए पात्र परिवारों को योजनांतर्गत लाभ देने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 'मोर दुआर साय सरकार' महाभियानके अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा आयोजित किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य हर पात्र ग्रामीण को चिन्हित कर उसे आवास योजना से जोड़ना और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन के लिए एक स्थायी निवास उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। लाभार्थी झूलबाई ने बताया कि वर्षों से वे एक पक्के घर का सपना देख रही थीं, जो अब सरकार की इस पहल से साकार हुआ है। झूलबाई ने बताया कि उनके परिवार में 7 लोग हैं एवं सभी मजदूरी का काम करते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, धान बोनस आदि योजनाओं का लाभ मिलता है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपए भी मिल रहा है। इस पर केन्द्रीय मंत्री श्री साहू ने उन्हें अनेय शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



शुभारंभ करते केन्द्रीय मंत्री।



संबोधित करते तोखन साहू।

## नवधा रामायण में शामिल होने जरौंधा पहुंचे तोखन

**तखतपुर।** जरौंधा में आयोजित अखंड नवधा रामायण में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू शामिल हुए एवं उन्होंने भगवान श्रीराम की कथा श्रवण की। इस दौरान तोखन साहू ने पंचायत की मांग पर मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा की।

लोगों को संबोधित करते हुए तोखन साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम के गुणों का गान करने का हम सभी को अवसर मिल रहा है, यह हमारे लिए एक सौभाग्य की बात है। आज जहां हम केवल अपने स्वार्थ और निजी कार्यों में दिनभर व्यस्त रहते हैं, ऐसे में हमें कुछ क्षण भगवान के चरणों में बैठकर भजन-कीर्तन करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए अखंड नवधा रामायण आयोजन समिति धुवाद की पात्र है। अखण्ड नवधा रामायण में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के साथ में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी के भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। इस अवसर माधवी वस्त्रकार ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से पूरे क्षेत्र का वातावरण सकारात्मक रहता है, इसके साथ ही हम अपने सनातन संस्कृति से जुड़े रहते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य सीमा श्रीवास, अश्वनी श्रीवास, शंकर पाण्डेय, नंद राम, विनय, अश्वनी शर्मा, घासी साहू, परमानंद रजक, नरेश साहू, अशोक रजक, नंद साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ श्रीराम का गुणगान करने अवसर मिलने सौभाग्य की बात: तोखन

## शासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को लेकर बैठक



**मुंगेली।** सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का पोर्टल में ऑनलाइन प्रविष्टि, सुशासन तिहार से संबंधित गतिविधियों, आवेदनों का निराकरण आदि के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में वनमंडल अधिकारी संजय यादव और अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय और अपर कलेक्टर जीएल यादव ने सभी अधिकारियों को समय-सीमा में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि विभाग किस प्रकार प्राप्त आवेदनों की जानकारी देख सकते हैं व उनका निराकरण कर सकते हैं। यदि आवेदन उनके विभाग से संबंधित नहीं है, तो संबंधित विभाग को प्रेषित कर सकते हैं। इसके साथ ही पोर्टल में उपलब्ध विभिन्न रिपोर्ट की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक धर्मजीत ने ननि आयुक्त के साथ किया वार्डों का दौरा



**सकरी।** नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 2 सकरी एवं वार्ड क्रमांक 3 उस्लापुर में विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए विधायक धर्मजीत सिंह ने आयुक्त अमित कुमार के साथ क्षेत्र का सघन दौरा कर जायजा लिया। विधायक धर्मजीत सिंह नगर निगम के टीम के साथ विकास कार्यों की स्वीकृति से पूर्व मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। इसी क्रम में तालाब सौंदर्यीकरण के लिए सकरी महामाया मंदिर परिसर के भरनी तालाब, राजिम तालाब एवं उसलापुर के रजबंधा तालाब को चिन्हांकित किया गया है। एप्रोच रोड के लिए सकरी से घुरू पहुंच मार्ग, उसलापुर बाजार परिसर से मौहारभाठा खेल मैदान तक, उसलापुर तिराहा का सौंदर्यीकरण, उसलापुर में खेल मैदान, उसलापुर बाजार का विस्तारीकरण, आसमा कालोनी के मंदिर परिसर में क्रांक्रीटीकरण कार्य, सतनामी इस अवसर पर जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद द्वय किरण राजेन्द्र टंडन, कुसुम महाबली कोसले, विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, अनिल पप्पू शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, नीरू बिष्ट, राजेश टंडन, छेदी रात्रे, रामचंद्र यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामनारायण यादव, संतोष भारत, अमर गुप्ता, राजेश देवांगन, सतीश सोनकर, प्रशांत गुप्ता, नीलेश सिंह, संजय यादव, मनोज साहू, राजकमल साहू, सुरेश यादव, जंतु मरकाम, मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा, भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी, जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल सहित नगरवासी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर लोगों में भारी रोष



**गौरेला।** वक्फ बोर्ड कानून के नाम पर पश्चिम बंगाल में उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार हिंसा की जा रही है एवं देश की शांति भंग करने का कार्य किया जा रहा है। इसके विरोध में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के जनप्रतिनिधि और नगरवासियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने और हिंसा पर रोक लगाने की मांग की है। जिले के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि हिंसा में लगातार पश्चिम बंगाल के आमजन, हिन्दुओं एवं पुलिस कर्मियों की हत्याएं की जा रही हैं। इस तरह की घटनाएं भारत देश की अखंडता और शान्ति को भंग करने का काम करती हैं, अर्थात इस घटना के विरोध में हम सभी एक होकर पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक तापस शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर, वरिष्ठ नेता रज्जे अग्रवाल, सचिन जैन, मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, जनपद अध्यक्ष शिवनाथ बघेल, जनपद सदस्य मुरारी, पार्षद अंकुर विश्वकर्मा, पार्षद मनोज विश्वकर्मा, शंकर सोनी, शिरोमणि जायसवाल, अजय मेहता, रमेश यादव, कैलाश सोनी, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमृत सूर्यवंशी, अभिषेक माइकल, महेश सोनी, नितेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज ने आयोजित किया हिंदू नववर्ष व रामनवमीं कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

प्रभु अनुराग भवन ब्रह्माकुमारीज कोटमीसुनार की ओर से हिंदू नववर्ष, रामनवमी उत्सव एवं नव निर्वाचित सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी गायत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक संस्थान है, जो कि विश्व एकता विश्व बंधुत्व की भावना को लेकर के विश्व के पांचों महाद्वीपों में अपने हजारों सेवा केंद्रों के माध्यम से मानव मात्र के चरित्र उत्थान के लिए सन 19 सौ 36 से निरंतर कार्य रही है। संस्था से हर वर्ग के लोग जुड़े हुए हैं एवं इसकी शिक्षा को धारण कर नैतिक मूल्यों के आधार पर सशक्त बनकर समाज को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।

■ समारोह में नवनिर्वाचित सदस्यों को किया गया सम्मानित

उन्होंने आगे कहा कि संसार को बदलने के लिए केवल एक प्रतिशत लोगों ने ही आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाई है, लेकिन उस एक प्रतिशत के पीछे चलने वाले 99 प्रतिशत लोग सहयोगी बन जाते हैं। सनातन धर्म को याद कर श्रीराम जैसे चरित्रवान श्रेष्ठ संस्कार व आदर्श अपना कर गांव को गोकुल गांव बनाने का प्रयास करें। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान भी किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत सदस्य कोटमीसुनार विरस बाई, सरपंच रेखा प्रदीप सोनी, उप सरपंच बालूराम मनहर, पंच गीता बाई केवट, कमला बाई केवट, विनोद केवट, रामू निर्मलकर, रहमान बेग, रितेश पटेल, डॉ मीरी, मीनाक्षी, डॉ गनेश साहू, छोटे खान, जाम बाई, उपस्थित रहे। इस अवसर पर तिलक, बैच लगा कर एवं श्रीफल, पट्टा और ईश्वरीय सौगात, मिठाई भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया। सरपंच रेखा प्रदीप सोनी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें जो कह रही हैं, इसे अपने जीवन में अपनाने से स्वयं और गांव का विकास होगा। इस अवसर पर कोटमीसुनार व आसपास के ग्रमीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने संस्थान की ओर से सिखाए जाने वाले राजयोग अभ्यास को दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु निशुल्क ध्यान सीखने का आग्रह किया।इस अवसर पर श्रीराम दरबार लगाया गया था, जिसमें माता सीता, श्रीराम, लक्ष्मण और महावीर हनुमान की जीवंत झांकी सजाई गई थी। कुमारी रेखा ने रघुकुल रीति सदा चली आई और राम आएंगे एवं कुमारी अंशु ने शुभ स्वागतम सत स्वागतम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।



### जमीन विवाद में हत्या के फरार आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** ग्राम भीमपुरी चौकी जूनापारा राम्हेपुर में रोड में जमीन विवाद में को लेकर हुए खूनी संघर्ष में साधेलाल नवरंग की मृत्यु हो गई थी। मामले पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296,115(2), 351 (2),190,191(2),103 (1) को तहत कार्यवाई करते हुए अरोपी सुरेश नवरंग, शशि नवरंग, राजकुमार नवरंग, विनोद नवरंग, पवन नवरंग एवं एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन घटना के बाद कुछ आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। इसी दौरान में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी सुरेश नवरंग, राजकुमार नवरंग, विनोद नवरंग, पवन नवरंग व अन्य अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जूनियर 50 बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का ट्रायल 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ के उभरते क्रिकेट सितारों के लिए एक शानदार अवसर है। 50 बॉल्स क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित तीसरी जूनियर 50 बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल रॉयल इंडियंस क्रिकेट मैदान गढ़ी पेंड्रा में होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट अंडर 17 आयु वर्ग के युवा क्रिकेटरों को देश के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहरीन मंच प्रदान करेगा। ट्रायल का 18 अप्रैल रविवार को सुबह बजे से रॉयल इंडियन क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में होगा।

चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम का हिस्सा बनकर 2 से 5 मई 2025 तक इंटरनेशनल स्टेडियम, सुल्तानपुर लोधी, कपूरथला पंजाब में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। ट्रॉयल में छत्तीसगढ़ 50 बॉल्स एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे, जो युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।खिलाड़ियों को टर्फ विकेट पर अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा, जो उनके कौशल को और निखारेगा। यह मंच खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर है। ट्रॉयल में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु 17 वर्ष से कम होनी चाहिए। 1 जनवरी 2008 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकेंगे। खिलाड़िओं के पास आधार कार्ड की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र हाना आवश्यक है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट किट, सफेद क्रिकेट ड्रेस अनिवार्य है।

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.........ब-121/2025
क्रमांक/19/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 03/04/25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम करीलकुण्डा को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोपेन्द्र कुमार पति/पिता श्री प्रदीप पात्रे जाति सत. साकिन करीलकुण्डा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन प्रदीप पात्रे आ. श्री लैनदास के जन्म/मृत्यु दिनांक 02/10/2010 ग्राम करीलकुण्डा को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 17/04/25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पत्र कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा, प.ह.नं. 38, रा.नि., तहसील, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में आबादी ख.नं. 80 में से 120 वर्गफुट भूमि स्थित है। जिसमें भूतल पर लेंटर वाली एक दुकान बिजली कनेक्शन सहित स्थित है। यह दुकान वर्तमान पी.-2, खसरा पांचसाला में क्रमांक-80 क्षेत्रफल 0.0810 हेक्टेयर शासकीय भूमि दर्ज है । इस भूमि को अशोक हिंदवानी ने नत्थूलाल साहू से क्रय किया था जिसके वर्तमान कब्जाधारी एवं स्वामी पंकज हिंदवानी एवं दीपक हिंदवानी है उक्त भूमि को मनोज कुमार तिवारी निवासी ओम नगर के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा विक्रेता से किया गया है। जिसकी रजिस्ट्री नामांतरण पश्चात होना है।

इस सौदे को लेकर यदि शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक निकाय एवं किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने !

रविन्द्र शर्मा
अधिवक्ता 558/93 ए.डी.
मो.नं. 80857671542

---

**कार्यालय पटवारी हल्का 47, ग्राम बिरकोना, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक क / ह. पट. / 20
बिलासपुर, दिनांक 4|4|25

प्रति
1. आवेदक निर्मल कश्यप वगै. / आर. एल. कश्यप
2. समीपी भूमि स्वामी
3. पवन अग्रवाल
4. शासकीय भूमि

**विषय-सीमांकन में उपस्थिति बाबत।**

ग्राम बिरकोना प.ह.नं. 4.7 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1293 रकबा 0.725 के सीमांकन हेतु निर्मल कश्यप वगै. ने तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 22/4/25 समय 11:00-5:00 बजे किया जायेगा।

आप दस्तावेज सहित नियत तिथि में उपस्थित होवें एवं बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

पटवारी
प.ह.नं 47
जिला बिलासपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

क्रमांक / /अति. तह. /वा. / 2025
बिलासपुर, दिनांक 11/04/2025

एतद् द्वारा श्री इन्द्रभान नेताम पिता नामालूम निवासी सरकंडा बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 980/2 रकबा 0.081 एकड़ भूमि का बेजा कब्जा हटाने के लिए श्री रामकुमार ध्रुव पिता स्व. खोरबहरा निवासी वार्ड क्र. 16 खरकेना हिर्री बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 21.04.2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 21.04.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

चमेली बाई जगत .......आवेदिका

**विरुद्ध**

कु. मनीषा जगत वगैरह अनावेदिकागण

सक्से. प्र. क्र. 22/2025
प्रोसेस क्र. :- 49/2025
पेशी तारीख : 03.05.2025

प्रति, आम जनता आवेदिका ने इस न्यायालय में एक वाद अनावेदकगण के विरुद्ध प्रस्तुत किया है। अतः इस ईस्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 03.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो एवं आवेदिका द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा मामले में एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही कि जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही कि जावेगी।

अस्तू सूचित हो

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगा कर जारी किया गया।

दिनांक :- 16.04.2025

विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना एल.आई.जी.-83 सैदा सकरी जिला बिलासपुर श्रीमती बिंदेश्वरी गोस्वामी पति श्री कुलेश्वर गोस्वामी के नाम पर एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का रजिस्ट्री निष्पादन दिनॉक 12.06.2014 को करा लिया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन द्वितीय क्रेता श्रीमती हमिदुननिशा अंसारी पति मो. यासिन अंसारी को विक्रय करने हेतु विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन दिनाँक 03.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार गनियारी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम घुरू तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.
मा.क्र. 126

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लखिया बाई टोण्डे पति राकेश कुमार टोण्डे जाति सतनामी निवासी जरहाभाठा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम घुरू स्थित भूमि ख.न. 160/7 रकबा 0.021 हे. भूमि स्थित है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि का रकबा अनावेदिका का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा.तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 21.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 7.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

---

**न्यायाल तहसीलदार कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.-ब-121/2024-25
ग्राम-कोटा

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम कोटा प.ह.न. 33. रा.नि.म. कोटा तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम खिलावन साहू पिता श्री स्व. कुन्दन लाल निवासी कोटा द्वारा अपने पिता कुन्दन लाल साहू की जन्म / मृत्यु दिनांक 8.9.1982 को ग्राम कोटा में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 23/04/25 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मे प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगा।

आज दिनांक 08/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार कोटा

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

16- APRIL- BSP-PG-5_Layout 1 4/17/2025 12:29 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सिम्स की डा. संध्या को मिला गोल्ड मेडल



**बिलासपुर।** सिम्स मेडिकल कालेज की छात्रा डा. संध्या कौशिक को सिम्स मेडिकल कालेज में टापर आने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। डा. संध्या ने एमबीबीएस की उपाधि एवं एमबीबीएस में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। छग आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा गोल्ड मेडल, आप्थलमोलाजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल, डा. रमेश चंद्र तिवारी मेमोरियल धन्वंतरि गोल्ड मेडल, डा. श्रुति चंद्राकर मेमोरियल ने डा. संध्या को शुभकामनाएं प्रेषित की है। डा. संध्या उमाकांत कौशिक व मंदाकिनी कौशिक की पुत्री हैं। उसकी इस उपलब्धि पर उनकी बहन स्वाति जीजा विक्रम, सूरज परमेश्वर, कौशिल्या, सौरभ, शुभांगी तिवारी सहित स्नेहजनों ने प्रसन्नता व्यक्त किए शुभकामनाएं दी है।

### छात्रा श्रेया का इसरो के युविका 2025 के लिए चयन



**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10 वीं की छात्रा श्रेया तिवारी का चयन इसरो के प्रतिष्ठित युविका 2025 (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) के लिए हुआ है। छात्रा ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रबंधन की शैक्षणिक व्यवस्था एवं विज्ञान शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। इसरो द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम युवा वैज्ञानिक मस्तिष्क को विकसित करता है। अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया का पता लगाने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। जिसका उद्देश्य युवा छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देना और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इसके अनुप्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। श्रेया ने एआरवीआईएस में उत्कृष्टता की विरासत को बरकरार रखा हैं, क्योंकि वर्ष 2024 में हमारे स्कूल की छात्रा साक्षी केडिया का चयन इसी उपलब्धि के लिए हुआ था। छात्रा श्रेया तिवारी की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सुरिंदर सिंह चावला, डॉ किरणपाल सिंह चावला, गुरमेहर सिंह चावला, प्राचार्य फरहान अहमद एवं विज्ञान विभाग ने शुभकामनाएं दी है।

### अग्नी सुरक्षा सेवा सप्ताह पर एसपी कार्यालय में फायर मॉक ड्रिल



**बिलासपुर।** अग्नी सुरक्षा सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 16 अप्रैल को एसपी कार्यालय में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों को अग्नि एवं अग्नि दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान फायर ट्राएंगल, विभिन्न क्लास ऑफ फायर यथा ए क्लास, बी क्लास, सी क्लास, डी क्लास फायर, एक्टिंग्विशिंग मीडिया के बारे में बताया गया। कौन से टाइप के फायर को किस प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से बुझाया जा सकता है की जानकारी दी गई। तत्पश्चात अग्निशमन के कर्मचारी तथा एसडीआरएफ के जवानों ने मॉक ड्रिल करके दिखाया। साथ ही आगजनी की घटना होने पर क्या करें और क्या नहीं करें की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान डीएसपी हेड क्वार्टर रश्मित कौर चावला, सिविल लाइन थाना प्रभारी श्री साहू तथा एसपी कार्यालय के सभी महिला-पुरुष कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ ने बताया किसी भी घटना-दुर्घटना होने पर पुलिस फर्स्ट रिस्पॉन्डेट होती है जो घटना स्थल पर पहुंचती है। पुलिस को फायर एक्सटिंग्विशर की जानकारी होना आवश्यक है। आज एसपी कार्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। श्री नाथ ने शहर वासियों से आग के प्रति सजग, जागरूक एवं एकजुट होने का अनुरोध किया है।

### कंपनी गार्डन में योग शिविर आज से बच्चों को सिखाया जाएगा प्राणायाम



**बिलासपुर।** कंपनी गार्डन में गुरूवार से 24 अप्रैल तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां शुद्ध योग केन्द्र द्वारा बच्चों को निशुल्क योग क्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। योगाचार्य डॉ. मोनिका पाठक ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 से 8.15 बजे तथा संध्या 5.30 से 7 शिविर आयोजित होगी, जिसमें बच्चों को प्राणायाम सीखाया जाएगा। यह शिविर विगत कई वर्षों अयोजित की जा रही है।

### राजस्व पखवाड़ाः आज 20 गांवों में लगेंगे शिविर

**बिलासपुर।** राजस्व पखवाड़ा के तहत 17 अप्रैल को 20 गांवों में शिविर आयोजित किया जाएगा। इनमें बिलासपुर तहसील में कुदुदण्ड स्थित शेफर स्कूल एवं जरहाभाठा स्थित जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज, बेलतरा तहसील में ग्राम पंचायत लिम्हा एवं ग्राम पंचायत खैरा-ड, बिल्हा तहसील में अमेरी अकबरी, बोदरी तहसील में ग्राम पंचायत भवन मगरउछला एवं ग्राम पंचायत भवन सिलपहरी, मस्तूरी तहसील में कोनी में शिविर लगेगा। इसी तरह सीपत तहसील में सीपत, पचपेड़ी तहसील में सुकुलकारी एवं लोहर्सी, तखतपुर तहसील में सांस्कृतिक भवन तखतपुर एवं ग्राम पंचायत भवन पोडी, सकरी तहसील में अमसेना, भकुर्रा नवापारा, जोकी एवं उसलापुर, कोटा तहसील में अमाली, रतनपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन कंचनपुर, बेलगहना तहसील में लमरीडबरी एवं बेलगहना में शिविर लगेगा।

### भारतीय संविधान में चित्र एवं सामाजिक समरसता पर व्याख्यान आज

**बिलासपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय कोनी के सभागार में 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भारतीय संविधान में चित्र एवं सामाजिक समरसता पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि नई दिल्ली के प्रख्यात विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण भाला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एयू के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेयी करेंगे। आयोजन को सफल बनाने संयोजक रामेश्वर राठौर व कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

# राजस्व वसूली में निगम ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़े, पहली बार 100 करोड़ तक पहुंचेगा आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इतिहास में पहली बार नगर निगम बिलासपुर राजस्व में 100 करोड़ वसूलने के करीब है। पुराने अपने सभी रिकार्ड को तोड़ते हुए नगर निगम ने 31 मार्च तक समस्त राजस्व आय में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि करते हुए 90 करोड़ 11 लाख की वसूली की है।

शासन द्वारा कर भुगतान में एक माह 30 अप्रैल तक दिए छूट के बाद यह आंकड़ा 100 करोड़ तक पहुंच जाएगा। 100 करोड़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी आरआई और एआरआई की मीटिंग लेकर 30 अप्रेल तक वसूली पूरा करने के निर्देश दिए और राजस्व वसूली में वृद्धि होने पर टीम का उत्साहवर्धन भी किया। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने संपत्तिकर, समेकित यूजर चार्ज, भूखण्ड, दुकान, नीलामी, किराया समेत अन्य स्त्रोत को मिलाकर 87 करोड़ की वसूला था, मगर इस साल पूर्व निर्धारित तिथि 31 मार्च तक 90 करोड़ 11 लाख की वसूली की है। इस साल सबसे खास बात यह है की राजस्व का मुख्य आधार संपत्तिकर, समेकित और यूजर चार्ज को मिलाकर 56 करोड़ 5 लाख वसूला गया है, जो पिछले साल की अपेक्षा 41 प्रतिशत अधिक है और 31 अप्रैल तक आंकड़ा 50 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। पिछले साल इन तीनों को मिलाकर 40 करोड़ की वसूली की गई थी। हर साल दुकान, भूखण्ड, किराया समेत अन्य स्त्रोत को मिलाकर आंकड़ा औसतन 80 करोड़ के आसपास तक पहुंचता था, मगर इस बार इन स्त्रोतों से कम बल्कि मुख्य राजस्व से अधिक वसूली हुई है और जिसे अकेले निगम के राजस्व अमले ने वसूला है। पिछले साल तक स्पैरो और कुछ क्षेत्रों में निगम वसूलता था पर वसूली में वृद्धि नहीं ला पाते थे।



- 31 मार्च तक 90.11 करोड़ की वसूली, पिछले साल 87 करोड़ की हुई थी वसूली
- इस बार संपत्ति, समेत अन्य कर से 56.05 करोड़, पिछले साल से 41 प्रतिशत की वृद्धि

#### स्पैरो के क्षेत्र में 60 प्रतिशत अधिक वसूली

अब तक टैक्स कलेक्शन कंपनी स्पैरो को जिन क्षेत्रों में वसूली का जिम्मा था, वहां निगम अमले के द्वारा इस साल की गई वसूली में औसत 60 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

#### अभियान और मॉनिटरिंग से मिली सफलता

पहली बार 100 करोड़ वसूली के करीब पहुंचे नगर निगम ने लगभग 8 माह पूर्व से ही निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश में अभियान शुरू कर दिया था। डोर टू डोर संपर्क, शिविर, बड़े बकायादारों से सख्ती और नवाचार तथा ऑनलाइन सुविधा से निगम अपने लक्ष्य के करीब पहुंचा है। राजस्व वसूली को एक प्रकार से अभियान का रूप देते हुए लगातार मॉनिटरिंग की गई है।

## मुख्य डाकघर के सामने की नारेबाजी

# केन्द्र सरकार व ईडी के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा बुधवार को मुख्य डाकघर के सामने केन्द्र की मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब राहुल गांधी का सामना करने से घबरा रहे हैं। मोदी चाहते हैं कि राहुल और सोनिया गांधी को कानूनी उलझनों में फंसाया जाए। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि मोदी सरकार देश के विकास को गर्त में ले गई है।

#### इनकी रही उपस्थिति

कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के अध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी, विजय पांडेय सहित विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह व सियाराम कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला, रविन्द्र सिंह, राजेश पांडेय, प्रमोद नायक, शेख नजरूद्दीन, नरेन्द्र बोलर, शहजादी कुरैशी, सीमा घृतेश, पिंकी बतरा, स्वर्णा शुक्ला, दिलीप पाटिल, सुभाष ठाकुर आदि शामिल थे।

# एसएसपी की फटकार के बाद सड़क पर खड़े वाहनों पर हुई कार्रवाई



नो पार्किंग से हटाए गए चार पहिया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी के फटकार के बाद ट्रैफिक अमला कलेक्ट्रोरेट मार्ग में पहुंचकर सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों को लिफ्टिंग कर थाने लेकर गया है।

बुधवार को दोपहर लगभग 1 बजे एसएसपी रजनेश सिंह कलेक्ट्रोरेट मार्ग से गुजर रहे थे। सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग में कतार से चार पहिया वाहन खड़े हुए थे, जिससे यातायात बाधित हो रही थी। उन्होंने वायरलेस सेट पर सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़े वाहन दिखाई दे रहे हैं और ट्रैफिक अमला को नजर नहीं आता है कहते हुए जमकर फटकार लगाई। उसके बाद आनन फानन में ट्रैफिक थाने के आला अफसर पेट्रोलिंग पार्टी, लिफ्टिंग गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। कलेक्ट्रोरेट बैंक के पास व दूसरी ओर सड़क पर नो पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों की फोटो लेकर लिफ्टिंग कर कार्रवाई के लिए यातायात थाने ले जाया गया।

ज्ञात हो कि प्रतिदिन नेहरू चौक से शेफर्ड स्कूल चौक तक सड़क के दोनों ओर कतार से चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम होता है और तपती धूप में लोगों को हलाकान होना पड़ता है।

# बच्चों के सामाजिक पुनःएकीकरण पर काम कर रही यूनिसेफ व पुलिस



बैठक में चर्चा करते आईजी व एसएसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी डॉ संजीव शुक्ला के निर्देशन में यूनिसेफ के सहयोग से संघर्षरत बच्चों के पुनर्वास और सामाजिक पुनः एकीकरण को लेकर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बिलासगुड़ी चेतना हॉल में आयोजित पुलिस और यूनिसेफ द्वारा विधि से संघर्षरत बच्चों के पुनर्वास व सामाजिक पुनः एकीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन में यूनिसेफ ने पुलिस और काउंसिल टू सिक्योर जस्टिस के सहयोग से एक समग्र कार्यक्रम लागू किया है।

इसका मुख्य ध्यान उनके पुनर्वास और सामाजिक पुनःएकीकरण पर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सभी थाना चौकी प्रभारियों और सभी राजपत्रित अधिकारियों को ऐसे प्रकरण को गंभीरता से ले कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देश दिए। बैठक में चेतना देसाई, गीतांजलि दासगुप्ता, शर्मिला राय, एएसपी रेंज मधुलिका सिंह, एएसपी अर्चना झा, एएसपी अनुज कुमार, डीएसपी मंजुलता केरकेट्टा और थाना चौकी प्रभारी के साथ पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह टल गया व्हाइट टाइगर का आना



**बिलासपुर।** ग्वालियर जू से बिलासपुर के कानन पेण्डारी जू में व्हाहट टाइगर लाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन भीषण गर्मी और अन्य कारणों को देखते हुए अचानक व्हाइट टाइगर के कानन तक पहुंचने का मार्ग रोक दिया। अब व्हाइट टाइगर को आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है।

कानन पेंडारी मीडियम जू में मंगलवार को व्हाइट टाइगर के परिवार में नए मेहमान की आमद होने वाली थी। यह मेहमान ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय से लाया जा रहा था, जो कि यहां आने के बाद कानन पेंडारी का स्थायी रहवासी हो जाता। इसके बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू देने की सहमति बनी थी। कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में वर्तमान में दो तीन व्हाइट टाइगर हैं, इनमें से दो मादा और एक नर है। दो मादा में एक 10 वर्ष की बाघिन है और एक नर व एक मादा व्हाइट टाइगर इसी से जन्में हैं। इनके परिवार की वंशवृद्धि के लिए कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क सफेद टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही बाघिन की संतान हैं, इसलिए इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन की रूचि नहीं है। अन्य व्हाइट टाइगर से ब्रीड़िंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए देशभर के जू में संपर्क किया गया था, जिसमें जानकारी मिली कि ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक हो गई है और वे उन्हें देना चाहते हैं। कानन पेंडारी प्रबंधन ने इसका प्रस्ताव बनाकर सीजेडए को भेजा था, जहां से ने इसे मंजूरी दे दी गई थी। ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर के बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू की मांग की थी। वर्तमान में कानन पेंडारी में 16 चौसिंघा हैं। इनमें से दो मादा और एक नर चौसिंघा देने पर सहमति बनी है। ग्वालियर से वन्यप्राणी संग्रहालय की टीम बाघ को लेकर रवाना होने वाली थी, लेकिन किसी कारण यह कार्य एक सप्ताह के लिए टल गया है।

### बरई चौरसिया समाज के अभा स्वजातीय सम्मेलन में शामिल हुए कौशिक



**बिलासपुर।** राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रायपुर द्वारा किया गया। इसमें 40 परिवारों द्वारा रिश्तों की पहल हुई जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। धरमलाल कौशिक एवं बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सामाजिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इसमें हनुमान थवाईत, आर. बी. चौरसिया, बी. आर. महोबिया, यशवंत थवाईत, दीपेश थवाईत, राजेश तंबोली, शैलेंद्र थवाईत, आनंद तंबोली, यूके चौरसिया, उदय चौरसिया, डॉ. अर्चना तंबोली, सुषमा तंबोली, अंजनी प्रधान, प्रीति चौरसिया, मधुलिका तंबोली आदि मौजूद थे।

### सीएमडी कालेज छात्रों के लिए रोजगार मूलक पाठ्यक्रम लाने का प्रयास कर रहा : दुबे



**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय में 16 अप्रैल को महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्र-छात्राओं का करियर काउंसलिंग का आयोजन आईसीटी भवन में किया गया। इसके मुख्य अतिथि शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ने कहा कि प्रबंधन लगातार अपनी ओर से महाविद्यालय में रोजगार मूलक पाठ्यक्रम लाने का प्रयास कर रहा है।

इस वर्ष महाविद्यालय में एआईसीटीई से संबद्धता प्राप्त एमबीए और एमसीए का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा चुका है। जिसमें छात्र-छात्राएं प्रवेश लेकर अपनी करियर को आगे ले जा सकते हैं। जैसे प्रबंधक कंप्यूटर एनालिसिस, डाटा साइंस, ए आई, मशीन लर्निंग इत्यादि के कार्य संपादित किया जा सकते हैं। बड़े-बड़े संस्थानों से एमओयू किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। छात्र छात्राओं ने इस संबंध में अपनी रुचि भी प्रकट की। उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। मुख्य अतिथि श्री दुबे ने बताया कि शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे का दृढ़ संकल्प है कि महाविद्यालय में रोजगार मूलक पाठ्यक्रम प्रारंभ हो और उसमें सफलता भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय छात्र छात्राओं की उन्नयन के प्रति भी दृढ़ संकल्पित है। महाविद्यालय में स्मार्ट रूम जिसमें स्मार्ट बोर्ड स्मार्ट ड्यास, मॉडर्न चेयर्स लगे हुए हैं जिससे छात्र-छात्राएं अपनी पाठ्यक्रम के सामग्री आसानी से रख सकते हैं। कैंपस में पूर्णता वाई-फाई की व्यवस्था की गई है जिसमें स्कैनर की सहायता से छात्र छात्राएं कनेक्ट कर वाई-फाई का लाभ ले सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय को उन्नत बनाए रखने के लिए समस्त प्राध्यापकों का सहयोग आवश्यक है इस दिशा में अनेक आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं। इस दिशा में एमबीए के प्रभारी सक्रिय हैं, जिसमें बड़े-बड़े कारखाने प्लांट में ले जाकर प्रत्यक्ष रूप से छात्र-छात्राओं को स्पष्ट किया जा सके कि उत्पादन के कार्य किस तरह संपादित होती है। उनकी कंपनी पैकेजिंग लेबलिंग एवं मार्केटिंग किस तरह किया जाता है? इस तरह की कौशल छात्र-छात्राओं को समझाए जाएंगे ताकि उनके व्यक्तित्व विकास में पूर्णता मदद मिल सके। इस परिपेक्ष में स्पेशल सौर एनर्जी का उपयोग किया जाना है। जिससे विद्युत की संदर्भ में आत्मनिर्भर बन सके।

#### इनकी रही उपस्थिति

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह, अमित स्टीव हेनरी, डॉ एस पावनी, डॉ यशस्वी मिश्रा, डॉ श्री मति के प्रसाद, नरेन्द्र टंडन, रोहित लहरे, विनोद एक्का, गौरव सिंह, अविनाश कुजूर, रामेश्वर आदि का योगदान रहा।

### मंदिर के बाद गुरूद्वारा के दानपेटी से 20 हजार रुपए ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दो दिन पहले मंदिर के बाहर चोरों ने गुरूद्वारा में धावा बोलकर दानपेटी का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए व अन्य सामान चोरी कर लिए हैं। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबानगर निवासी हरप्रीत सिंह ने रिपोर्ट लिखाई कि वह कस्तूरबानगर वाल्मिकी गुरूद्वारा में ग्रंथी है। 15 अप्रैल की शाम पाथ करने के बाद वह गुरूद्वारा बंद कर घर चले गए थे। 16 अप्रैल को सुबह 4 बजे पाठ करने गुरूद्वारा गए तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। दानपेटी से 20 हजार रुपए नकद व अन्य सामान चोरी हो गए थे। ज्ञात हो कि 2 दिन पहले सीपत क्षेत्र के दर्राभाठा स्थित हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का मुकूट व चरणपादुका चोरी कर लिया गया था। आलम यह है कि सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। बहरहाल पुलिस हरप्रीत सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सगाई के बाद प्रेम संबंध उजाकर होने पर युवक ने लगाई फांसी




**बिलासपुर।** सगाई के बाद पुराना प्रेम संबंध उजागर होने पर युवक ने जंगल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, शिवतराई पिपरखुटी निवासी कृष्ण पाल पोर्ते पिता मोहितराम पोर्ते 38 साल का एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। पिछले दिनों घरवालों के कहने पर उसने समाज की लड़की से शादी करने सगाई कर लिया। सगाई होने के बाद पुरानी प्रेमिका ने होने वाली दुल्हन के फोन कर अपने व कृष्ण पाल के प्रेम संबंध में जानकारी दी। उसके बाद होने वाली दुल्हन ने कृष्ण पाल को फोन कर खरी खोटी सुनाई। प्रेम संबंध उजाकर होने से क्षुब्ध होकर उसने जूनापारा शहर के जंगल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### मोबाइल में क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा गया खाईवाल

**बिलासपुर।** मोबाइल में क्रिकेट सट्टा खिलाते खाईवाल को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से नकद रकम व सट्टापट्टी बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में छोड़ दिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कुदुदण्ड मिलन चौक निवासी अभिजीत दुबे उर्फ सोमू घर के पास बैठकर मोबाइल से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मोबाइल में सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से दो मोबाइल, 4 स्क्रीन शार्ट सट्टापट्टी, 200 रुपए नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद मुचलका जमानत में छोड़ दिया गया है। ज्ञात हो कि अभिजीत दुबे उर्फ सोमू लंबे अरसे आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। 14 अपैल को खाईवाल का पैसा वसूली करने वाले शनिचरी बाजार निवासी योगेश बोधवानी, 15 अप्रैल को पत्रकार कालोनी निवासी खाईवाल दिनेश कुमार टेकवानी को पकड़ा गया था।

## यात्रियों को मिल रही है पार्किंग की सुविधा

# स्टेशन के यात्रियों को चलते फिरते दी जा रही है टिकट



**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर में अब यात्रियों को चलते-फिरते जनरल टिकिट की सुविधा मिल जा रही है, जिसके लिए सभी कामर्शियल रेलवे स्टेशन को एक मोबाइल टैब दिया गया है। इस टैब के जरिए कामर्शियल स्टाफ पार्किंग में गाड़ियों को खड़े करने के साथ ही यात्रियों को टिकिट उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। इस सुविधा से यात्रियों को जनरल टिकिट काउंटर में कतार लगाने से छुटकारा मिलने लगी है। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अनारक्षित और आरक्षण टिकिट काउंटर का संचालन रेलवे स्टेशन में किया जा रहा है। पूर्व में इन दोनों ही काउंटर में टिकिट लेने के लिए यात्रियों की लंबी कतारें लगती थी। आरक्षण कार्यालय में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ और सुविधाएं कम होने के कारण रेलवे ने आईआरसीटीसी के माध्यम से ई-टिकिट की सुविधा शुरु की, जिसमें यात्री कहीं भी किसी भी स्थान पर बैठकर स्लीपर और एसी में सफर करने के लिए बुकिंग कर सकते हैं।

## उसलापुर स्टेशन में जोन का पहला वेटिंग लाउंज ओपन

# स्टेशन के वेटिंग लाउंज में मिलेगी होटल जैसी सुविधा



**बिलासपुर।** एसईसीआर जोन और बिलासपुर डिवीजन का पहला एसी वेटिंग लाउंज आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ओपन कर दिया गया है, जहां बैठने पर यात्रियों को आलीशन होटल की तरह सुविधाएं मिलेगी।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों का दबाव कम करने के लिए रेल प्रशासन ने कटनी रूट की ओर जाने वाली गाड़ियों को अब उसलापुर रेलवे स्टेशन में स्टापेज देना शुरु कर दिया है। उसलापुर में बिलासपुर की ट्रेनों के स्टापेज से यात्रियों की संख्या भी काफी बढ़ने लगी है। पहले उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में सुविधाएं काफी कम थी।

#### जोन का पहला है लाउंज

एसी वेटिंग लाउंज की सुविधा उसलापुर रेलवे स्टेशन में शुरु कर दी गई है, यह पूरे जोन का पहला लाउंज है। पूरे रेलवे में बिलासपुर का उसलापुर स्टेशन है, जहां केवल 20 रुपए के साथ यात्रियों को अपना पीएनआर नंबर और आधार कार्ड दिखाना होगा। इसके बाद यात्री बड़े आराम से बैठकर ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## बिजनेस प्लस

# मित्तल फर्नीचर में 20 प्रतिशत की छूट मैरिज के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध



**बिलासपुर।** रिंग रोड नंबर 2 अमेरी चौक मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि फर्नीचरों की खरीदी पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। साथ ही शादी विवाह के सीजन को देखते हुए मैरिज पैकेज आफर भी चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बेडरूम सेट मात्र 47 हजार से शुरू है बेडरूम सेट पैकेज में बेड प्लस अलमिरा प्लस ड्रेसिंग प्लस एवं मैट्रेस शामिल है।

हमारे यहां फर्नीचरों की विशाल रेंज नए स्टॉक उपलब्ध है। श्री मित्तल ने बताया कि शोरूम में लग्जरी सोफा सेट, डाइनिंग सेट, दीवान बेड सेट, कंप्यूटर टेबल, सेंटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, महाराजा सोफा, एल सोफा, सोफा कम बेड क्रोकरी सेट आदि लग्जरी फर्नीचर की नई रेंज रेडी स्टॉक में है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बजाज फाइनेंसर एवं एच डी एफ सी बैंक से फाइनेंस सुविधा है। उन्होंने बताया कि हमारे एक और संबंधित संस्थान मित्तल फर्नीचर व्यापार विहार लगातार 23 वर्षों से लाखों ग्राहकों की सेवा करते आ रहा है।

# सात लाख की आबादी के लिए सिर्फ नौ दमकल

**कितने तैयार हैं हम**

शहर में कहीं भी आगजनी की घटना हो जाए तो तंग गलियों में फायर ब्रिगेड का पहुंचना नामुमकिन है। दुकान और मकान को हद से आगे बढ़ाने की होड़ ने बाजार और बस्तियों के रास्ते संकरे किए हैं। गोल बाजार, सदर बाजार, शनिचरी बाजार ऐसे क्षेत्र हैं जो डेंजर जोन में हैं। यहां जरूरत पड़ने पर दमकल की असानी से नहीं जा सकते। सबसे गंभीर स्थिति कंवरराम कपड़ा बाजार, जूनी लाइन, मनिहारी गली शनिचरी बाजार, और शनिचरी सब्जी बाजार की है। दूसरी ओर लगातार बढ़ रहा शहर स्मार्ट सिटी भी बन गया है शहर लेकिन कुल सात लाख की आबादी के लिए केवल 9 दमकल ही हैं। शहरवासियों की सुरक्षा के लिए नगर निगम का एक मात्र फायर स्टेशन है, इसके संचालन के लिए मात्र 39 कर्मचारी हैं, जिसमें 3 प्रशिक्षित नगर सैनिक व 36 नगर निगम से संविलियन हैं और अप्रशिक्षित है। जो शहर के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। कर्मचारियों के उम्र दराज होने के कारण आग बुझाने में हाथ पैर कांप जाते हैं, जिससे दिक्कतें बढ़ जाती है। शहर में बड़ी आगजनी की वारदात होने पर एसईसीएल, एनटीपीसी, वर्धा पावर प्लांट व पड़ोसी जिलों से दमकल की मदद लेनी पड़ती है। नियमानुसार शहर के सभी जोन में फायर स्टेशन व एक दमकल होना चाहिए, जिससे जिस क्षेत्र में आग लगे उस जोन की गाड़ी मौके पर पहुंच जाए और तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। अभी अप्रैल के पंद्रह दिन ही बीते हैं। शहर का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच चुका है, लेकिन भीषण गर्मी के अभी भी दो माह शेष हैं। शहर की तासीर बताती है, कि अधिकतम तापमान अभी 45 डिग्री के पार भी जाएगा। ऐसे में आगजनी की घटनाएं और बढ़ेंगी। आगजनी की घटनाएं रोकी तो नहीं जा सकतीं, लेकिन हमारे पास ऐसे और इतने संसाधन तो होने ही चाहिए, जिससे आग लगने के बाद उस पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सके। बीते दिनों शहर में हुई आगजनी की घटनाओं में आग पर काबू पाते तक सब कुछ जल कर खाक हो जाना इस बात पर संदेह पैदा करता है कि क्या हम पूरी तरह तैयार हैं?





## घने बाजार और बस्तियों में ऐसे लगभग 100 संस्थान

शनिचरी बाजार और कंवरराम कपड़ा मार्केट में पहले कई बार आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां फायर ब्रिगेड के नहीं पहुंचने से आग पर काबू पाने में काफी समय लगा था। इसके साथ ही शनिचरी सब्जी मार्केट में करीब आधा दर्जन से अधिक बार आगजनी हो चुकी है, लेकिन यहां पहुंचने के लिए अब तक रास्तों को चौड़ा नहीं किया गया है। शहर के घने बाजार और बस्तियों में ऐसे लगभग 100 संस्थान हैं, जहां कपड़े, जूते-चप्पल, पटाखों या अन्य वस्तुओं का होलसेल कारोबार होता है। ऐसे संस्थानों में दो से ढाई सौ कर्मचारी काम करते हैं। लेकिन इस तरह की अनहोनी होने पर बचाव के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इन संस्थानों व बाजारों में दमकल के पहुंचने का रास्ता तक मिल पाना मुश्किल है। ऐसे बाजार व संस्थान एक तरह से बारूद के ढेर पर बैठे हुए हैं।

**बारूद का ढेर 1** गोलबाजार : 500 से 700 सौ छोटे बड़े संस्थान हैं। इनमें कई संस्थान सकरी गलियों में भी हैं। ज्यादातर गलियों में अतिरिक्त कब्जा है। संस्थान मालिकों ने अपने विज्ञापन बोर्ड लगा रखे हैं। यदि कोई अनहोनी होती है तो यहां दमकल तक घुसना संभव नहीं है। तोडफ़ोड़ कर राहत कार्य कर पाना भी संभव नहीं।

**बारूद का ढेर 2** नरेश बाजार कॉम्प्लेक्स : नरेश बाजार कॉम्प्लेक्स में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। यहां भी पचास से सौ छोटे-बड़े संस्थान हैं। आवागमन के लिए केवल एक ही रास्ता है। कारोबारियों ने पीछे के रास्ते पर कब्जा कर लिया है, यहां यदि कोई अनहोनी होती है तो जनधन का भारी नुकसान हो सकता है।

**बारूद का ढेर 3** वृंदावन परिसर: तेलीपारा में ही वृंदावन व्यावसायिक परिसर में करीब 200-छोटे बड़े संस्थान हैं। यहां पार्किंग में भी दुकानें बनाने का मामला सामने आ चुका है। इतने बड़े परिसर में आवागमन के लिए केवल एक ही गेट है। किसी तरह की अनहोनी होने पर भागने तक के लिए जगह नहीं है। दमकल भी अंदर नहीं जा सकता।

**बारूद का ढेर 4** श्रीराम कपड़ा मार्केट : निगम प्रशासन ने शहर में बड़े थोक कपड़ा मार्केट की परिकल्पना करके अग्रसेन चौक पर यह मार्केट बनाया लेकिन यहां भी आगजनी से निपटने के लिए ध्यान नहीं दिया गया। इस मार्केट पूर्व में आगजनी की घटना हो चुकी है। यहां निकलने का रास्ता नहीं मिलने पर जलने से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। तब पता चला कि इस व्यावसायिक परिसर का रिहायशी उपयोग भी किया जा रहा है। यहां भी एक ही गेट है।

**बारूद का ढेर 5** शनिचरी बाजार : संभाग के सबसे पुराने शनिचरी बाजार में सब्जी मंडी को छोड़ दें तो यहां 2000 से अधिक छोटी बड़ी दुकानें हैं। बेजा कब्जा की वजह से यहां की सड़कें गलियों में तब्दील हो गईं। एक साथ दो रिक्शे तक नहीं गुजर सकते तो दमकल के अंदर जाने का सवाल ही नहीं है। यहां भी पूर्व में हुई आगजनी के समय यह परेशानी सामने आ चुकी है लेकिन इसके बावजूद रास्ता सहज करने के लिए कोई प्रयास नहीं हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेलीपारा में सोमवार को प्रिंस नावेल्टी में लगी आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को जूना बिलासपुर के इलेक्ट्रानिक्स बर्ड में आगजनी हो गई। आग लगने का यह सिलसिला बुधवार को भी कायम रहा और मंगला चौक स्थित एक फर्नीचर दुकान जलकर स्वाहा हो गई। शहर का चाहे जितना भी विस्तार हो जाए, लेकिन आज भी कई गली मोहल्ले ऐसे हैं, जहां आने-जाने की जगह चार से पांच फीट ही है। चांटीडीह, माता चौरा सरकंडा, चिंगराज पारा, मांडवा बस्ती, जगमल चौक, लिंकरोड के पास चंदवाभांठा ये ऐसे स्थान हैं, जहां आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने बड़े दमकल तो दूर छोटे दमकल भी प्रवेश नहीं कर पाते। ऐसी हालत में फायर सेफ्टी विभाग को पाईप लाईन के जरिए आग पर काबू पाने मशक्कत करनी पड़ती है , जिसमें अनावश्यक विलंब होता है।

**यह है हालात**

| स्मोक डिटेक्टर | स्थिति | फायर अलार्म | स्थिति | फायर फाइटर | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| भवन में स्मोकिंग जोन होना अनिवार्य है, साथ ही स्मोक डिटेक्टर होना चाहिए। | यह उपकरण 90 फीसदी भवनों में नहीं मिले, कमर्शियल भवनों में भी नहीं लगाए गए। | फायर अलार्म की जरूरत होती है, जिससे आगजनी पर अलार्म बजता है। | 15 फीसदी भवनों में ही फायर अलार्म सिस्टम है, बाकी भवनों में अलार्म सिस्टम ही नहीं हैं। | भवनों में फायर के संबंध में फाइटर सिस्टम होना चाहिए ताकि फायर सिलेंडर से आग बुझाई जा सके। | 20 फीसदी भवनों में ही उपकरण, कुछ जगहों पर एक्सपायरी डेट के सिलेंडर |

### 9 गाड़ियों के लिए मात्र एक ड्राइवर

9 दमकल गाड़ियों को चलाने के लिए विभाग में मात्र एक प्रशिक्षित ड्राइवर है। वहीं अन्य गाड़ियों को कर्मचारियों के द्वारा चलाया जाता है। लंबे अरसे से फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट में ड्राइवर पद की भर्ती नहीं हुई है। जबकि गर्मी के मौसम में दमकल गाड़ियों को 24 घण्टे दौड़ना होता है।

### नगर पंचायत की दमकल नहीं आती शहर

शहर के अलावा चकरभाठा बोदरी, रतनपुर, कोटा, मल्हार नगर पंचायत में फायर स्टेशन है, जहां एक-एक दमकल है। जो केवल आग लगने पर अपने पंचायत क्षेत्र में जाते हैं। जरूरत पढ़ने पर भी डीजल के खपत को देखते हुए नगर पंचायत से दकमल शहर में नहीं भेजा जाता है।

### रायपुर में हर साल खरीदी यहां नहीं

शहर के हिसाब से दमकल की बहुत कम है। होम गार्ड विभाग की ओर से एक दमकल की मांग करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जो लंबित है। बताया जाता है रायपुर मुख्यालय में हर साल वाहनों की खरीददारी कर जरूरत के अनुसार अलग-अलग जिलों में वाहन उपलब्ध कराया जाता है।



### यहां रहती है भीड़भाड़

शहर के सबसे पुराने बाजारों में गोल बाजार, सदर बाजार और शनिचरी बाजार है। यहां शहर समेत पूरे जिले से खरीदारी करने लोग आते हैं। शादी का सीजन हो सामान्य दिन यहां के सराफा और सब्जी बाजार, कपड़ा मार्केट, मनिहारी दुकानों में बड़ी संख्या में खरीदार आते हैं और इन सभी स्थानों पर पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग ही एकमात्र रास्ता है। मुख्य मार्ग तक स्थिति ठीक है, लेकिन बाजार में पहुंचने के लिए आटो से पहुंचना भी मुश्किल है। इसके अलावा शहर के बीच बाजार बस्ती की तंग गलियां हैं जिनमें जरहाभाठा, चांटीडीह, दरबार लॉज गली, कतियापारा, मंझवापारा, तिफरा कुंदरापारा, जूना बिलासपुर, लिंक रोड स्थित चंदुवाभाठा डेंजरजोन में हैं। इन इलाकों में आने जाने के ठीक ठाक सड़क बनाने आज तक पहल नहीं हुई है।

## 300 से अधिक इमारतों और काम्प्लेक्स में इंतजाम नहीं

शहर में सरकारी हो या निजी, ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी इंतजाम नहीं हैं। ज्यादातर भवनों में अग्निशमन उपकरण या तो लगे नही हैं और लगें तो कहीं पाइप गल गए हैं और कहीं सिलेंडर खाली हैं। पिछले 10 सालों में जिले सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगजनी की घटनाओं के बाद जिला प्रशासन द्वारा जांच दल का गठन जरूर किया गया, लेकिन किसी ने रिपोर्ट नहीं सौंपी। पिछले साल जब प्रशासन और निगम ने सर्वे कराया था तो 300 से अधिक इमारतों और काम्प्लेक्स में आग से बचने के इंतजाम नहीं पाए गए थे।

### सिलेंडर एक्सपायर, पान गुटखे की पीक

अधिकांश सरकारी आफिसों में अग्निशमन यंत्र तो दीवारों पर लटका दिए, लेकिन इनकी रिफिलिंग समय पर बिल्कुल नहीं होती है और न ही कर्मचारियों को इससे संबंधित जानकारियां है। कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, नगर निगम, वन विभाग, जिला परिवहन कार्यालय समेत शहर के निजी ऊंची बिल्डिंगों की पड़ताल की गई तो अधिकांश जगह अग्निशमन यंत्र के सिलेंडर एक्सपायर तो कहीं बाहर लटक रही बाल्टियों में रेत की बजाए पान-गुटखों की पीक और डिस्पोजेबल ग्लास कप पड़े मिले। ध्यान रहे की प्रशासन ने इसके लिए खास निर्देश जारी किया था।

### चार साल में सेटअप ही स्वीकृत नहीं

फायर डिपार्टमेंट को निगम से चार वर्ष पहले गृह विभाग को दे दिया गया है, लेकिन इसके बाद से अब तक सेटअप ही तैयार नहीं कर पाए हैं। दरअसल फायर डिपार्टमेंट में स्टाफ की कमी है, इसकी वजह से इस तरह की समस्या हो रही है। इसकी भर्ती प्रक्रिया संचालनालय स्तर पर की जाती है। एनओसी को कुछ सेवाओं के लिए अनिवार्य तो किया गया है, इसकी आवेदन प्रक्रिया को सरल करने की दिशा में काम नहीं हो पा रह है। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा सभी भवनों की जांच करने के लिए निर्देश तो जारी कर दिया है। साथ ही नया अस्पताल या फिर होटल खोलने के लिए भी इसे अनिवार्य कर दिया गया है।

# बाजारों और बस्तियों के संकरे रास्ते डेंजर जोन में



उसलापुर ब्रिज के नीचे बसी घनी आबादी में दमकल पहुंचना लगभग नामुमकिन।

**यह बंदोबस्त जरूरी**

- पानी का टैंक होना चाहिए, इमारत के हिसाब से इसमें पानी का स्टोर किया जाता है
- बिल्डिंग के हर कोने में पानी पहुंचाने के लिए पाइप की फिटिंग होनी चाहिए
- आग बुझाने वाले गैस सिलेंडर होने चाहिए
- मंजिल पर पानी चढ़ाने को मोटर की व्यवस्था होनी चाहिए
- हर मंजिल पर फॉयर सेफ्टी स्प्रिंकलर लगे होने चाहिए
- 15 मीटर से ऊंची इमारत में लिफ्ट का प्रावधान जरूरी है
- सीढ़ियों की बनावट ऐसे हो, हादसे के दौरान लोगों को बाहर निकाला जा सके



मार्च से लेकर मई तक के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए अग्नि दुर्घटनाओं से बचने एवं कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया है।

- **अवनीश शरण** कलेक्टर, बिलासपुर

समय-समय पर कर्मचारियों को भरनी स्थित ट्रेनिंग सेंटर में आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जरूरत के हिसाब से नए दमकल वाहन की मांग कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उनके आने के बाद कर्मचारियों की कमी दूर हो जाएगी।

-**दीपांकुर सामुएल नाथ** जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना

### गर्मी में बिजली की खपत होती है ज्यादा

दरअसल भीषण गर्मी के चलते अस्पताल के साथ ही गेमिंग जोन सहित मॉल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है क्योंकि, गर्मी में बिजली की खपत बहुत होती है। ऐसे में पावर अप डाउन के समय शॉर्ट सर्किट होने की आशंका रहती है। जिसके कारण कई बार आग लग जाती है। इन हालातों से निपटने के लिए प्रशासन ने सभी जगहों पर फायर सेफ्टी सिस्टम को अपडेट करने के निर्देश दिए थे लेकिन हुआ कुछ नहीं।

### जांच करने एक भी तकनीशियन नहीं

होटल व अस्पताल में फायर सेफ्टी की जांच के लिए जिले में स्टाफ ही नहीं है। वर्तमान में फायर डिपार्टमेंट के पास जितना भी अमला है, उनके भरोसे सिर्फ आग बुझाने का ही काम संभव हो पा रहा है, जबकि फायर की एनओसी लेने के लिए बकायदा ऑनलाइन आवेदन करवाया जा रहा है और इसके बाद भवन की जांच करने के लिए तकनीशियन भी बाहर से ही बुलाया जा रहा है जो कि दूसरे जिले से आ रहे हैं।

**स्मार्ट नहीं, सुरक्षित शहर चाहिए**

- रोज हो रहीं आगजनी की घटनाएं
- आग पर काबू पाते तक सब जल कर खाक
- शहर की सुंदरता पर खर्च हुए स्मार्ट सिटी के 792 करोड़, पर सुरक्षा का क्या?

### पुरानी वायरिंग व ओवरलोड शार्ट सर्किट की बड़ी वजह

आगजनी की ज्यादातर घटनाओं में शार्ट सर्किट ही मुख्य वजह होती है। भीषण गर्मी की वजह से पहले से ही तप रहे दुकान व मकानों में पुरानी वायरिंग और बिजली का ओवरलोड होना आगजनी की घटना को आमंत्रित करता है। विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री पीआर साहू ने बताया कि आमतौर पर शार्ट सर्किट होने की दो मुख्य बड़ी वजह होती हैं। इसमें पहली वजह पुरानी वायरिंग है। पुरानी वायरिंग भीषण गर्मी में लगातार बिजली के उपयोग को बर्दाश्त नहीं कर पाती और वायर के ऊपरी लेयर पिघलकर आपस में चिपकने लगते हैं। इनके चिपकते ही शार्ट सर्किट हो जाती है। श्री साहू ने बताया कि मकान या दुकान बनाने के दौरान ही अपने उपयोग के बिजली उपकरणों की संभावित लिस्टिंग कर लोड का पता लगा लेना चाहिए। इसके बाद इसी के आधार पर उपयुक्त मोटाई वाले तारों से वायरिंग करनी चाहए। इतनी जागरूकता के बाद शार्ट सर्किट से काफी हद तक बचा जा सकता है।

### सही सूचना मिले तो कभी नहीं होगा बड़ा नुकसान

फायर सेफ्टी आफिसर दीपांकुर नाथ ने बताया कि आगजनी से बड़े नुकसान के पीछे सही समय पर सही सूचना का न मिल पाना बड़ा कारण है। आगजनी की सूचना देते समय सूचनादाता यदि आगजनी वाले स्थान तक पहुंचने की सही चौड़ाई बता दे, तो विभाग पहले ही छोटे फायर टैंकर लेकर घटना स्थल पर पहुंचेगा। ऐसी सूचना नहीं मिलने की हालत में आमतौर पर बड़े दमकल ही भेजे जाते हैं, जिससे मौके पर रास्ता छोटा पाए जाने की हालत में पाईप लाईन खींच कर आग बुझाने का काम शुरू किया जाता है, लेकिन तब तक अनावश्यक विलंब होता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक: 10 मई 2025, 02 जून 2025, 10 जून 2025, 29 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411